संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 262
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
गुरुवार 26 नवम्बर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



एडवांस्ड ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग का नया हब मेरठ : योगी

मेरठ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश की औद्योगिक क्रांति और वैश्विक निवेशकों के बढ़ते भरोसे की कड़ी में बुधवार को एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया, जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ के इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर में वैश्विक दिग्गज बॉल कॉर्पोरेशन की नई मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी का शिलान्यास किया। 2,900 करोड़ से अधिक के भारी–भरकम निवेश से स्थापित होने जा रही एल्युमिनियम बेवरेज कैन की विश्वस्तरीय इकाई के भूमिपूजन अवसर पर मुख्यमंत्री ने बॉल कॉर्पोरेशन की टीम का आभार जताते हुए कहा कि यह प्लांट आत्मनिर्भर भारत–आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेशश और विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने प्रदेश में आ रहे निवेश की निरंतरता का उल्लेख करते हुए कहा कि अभी कुछ ही दिन पहले सीएनएच इंडस्ट्रियल के 1,200 करोड़ से अधिक के नए प्लांट का भूमिपूजन हुआ, दो दिन पूर्व ताइवान की क्रिएटिव सेंसर के साथ 1,100 करोड़ से अधिक के निवेश पर सार्थक संवाद हुआ और आज मेरठ



में बॉल कॉर्पोरेशन का शिलान्यास हो रहा है, जो उत्तर प्रदेश के प्रति बढ़ते वैश्विक विश्वास का जीवंत प्रमाण है।यह परियोजना क्षेत्र के लिए एक श्एंकर यूनिटश के रूप में कार्य करेगी, जिससे हजारों युवाओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलेंगे। स्थानीय एमएसएमई, पैकेजिंग सप्लायर्स, लॉजिस्टिक्स, ट्रांसपोर्ट और रीसाइक्लिंग पार्टनर्स के लिए व्यापार के नए द्वार खुलेंगे। ओडीओपी स्पोर्ट्स गुड्स के लिए मेरठ में मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का निर्माण भी हो रहा है और अब स्पोर्ट्स व पारंपरिक उद्योगों के साथ मेरठ एडवांस्ड ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग का प्रमुख केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि नमो भारत रैपिड रेल, दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे, दिल्ली–एनसीआर व 25,000 हेक्टेयर के यीडा क्षेत्र, जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की निकटता तथा ईस्टर्न व वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की पहुंच मेरठ को तेज, निर्बाध और वर्ल्ड–क्लास मल्टी–मोडल कनेक्टिविटी प्रदान करते हुए उद्योग, निवेश और लॉजिस्टिक्स के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि आज भारत में सॉफ्ट ड्रिंक्स, जूस, एनर्जी ड्रिंक्स और रेडी–टू–ड्रिंक बेवरेज का बाजार तेजी से बढ़ रहा है, इसलिए मेरठ की यह लोकेशन बॉल कॉर्पोरेशन को अपने ग्राहकों और फिलिंग सुविधाओं के निकट रहकर पूरे भारत व वैश्विक बाजार में अपने बिजनेस को तेजी से विस्तार देने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगी। यीडा क्षेत्र में सिंगापुर, जापान और ताइवान सिटी के माध्यम से वैश्विक कंपनियों, उनकी आधुनिक तकनीक और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं को प्रदेश में आमंत्रित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने 2017 के बाद से उत्तर प्रदेश की आर्थिक और औद्योगिक छलांग का लेखा–जोखा भी प्रस्तुत किया। कभी श्बीमारूश कहे जाने वाले उत्तर प्रदेश का बजट, जीएसडीपी, प्रति व्यक्ति आय पर और महिला श्रम बल भागीदारी आज 2017 के सापेक्ष तीन गुना हो चुकी है। आज उत्तर प्रदेश देश का अग्रणी रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है, जो घ्2 लाख करोड़ से अधिक के वार्षिक कैपेक्स के साथ देश का सर्वाधिक कैपेक्स वाला राज्य बना हुआ है और बॉटम फाइव से निकलकर देश की टॉप–3 इकोनॉमी में शामिल हो चुका है। औद्योगिक विकास के आंकड़े साझा करते हुए सीएम ने बताया कि आजादी के बाद लगभग 70 वर्षों 2017 तक में उत्तर प्रदेश में 14,000 फैक्ट्रियां ही लग पाई थीं, यानी एक वर्ष में औसतन मात्र 200 फैक्ट्रियां। यदि 2017 से पहले वाली इसी धीमी रफ्तार से काम होता, तो इन साढ़े नौ वर्षों में मुश्किल से 1700–1800 नई फैक्ट्रियां ही जुड़ पातीं। लेकिन डबल इंजन सरकार ने मजबूत लॉ एंड ऑर्डर, सीमलेस कनेक्टिविटी, वर्ल्ड–क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर, डेडिकेटेड इंडस्ट्रियल लैंड बैंक और इंडस्ट्री–रेडी वर्कफोर्स के दम पर साढ़े नौ वर्षों में प्रति वर्ष औसतन 2,200 से अधिक नई इकाइयां जोड़कर 21,000 से अधिक नई फैक्ट्रियां स्थापित कीं, जिससे आज प्रदेश 35,000 से अधिक फैक्ट्रियों के साथ देश का इंडस्ट्रियल पावरहाउस बन चुका है।

असम के सिलचर में बनेगा दो हजार करोड़ की लागत से नया एयरपोर्ट

मोदी कैबिनेट की मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी। मोदी कैबिनेट ने बुधवार को असम के सिलचर में 2,014 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से नए एयरपोर्ट बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि सिलचर के डोलू में प्रस्तावित नए एयरपोर्ट पर व्यस्ततम समय में 800 यात्रियों को संभालने की क्षमता होगी। इसकी सालाना यात्री क्षमता 10. 1 लाख होगी। फिलहाल सिलचर एयरपोर्ट का स्वामित्व भारतीय वायुसेना और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के पास है। वहां 70 एकड़ में फैले हिस्से से नागरिक विमान सेवाओं का संचालन होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस परियोजना को मंजूरी दी गई। इस प्रोजेक्ट पर 2,014 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है और इसके लिए वित्त का



इंतजाम भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) अपने आंतरिक संसाधनों से करेगा। वैष्णव ने कहा कि नया एयरपोर्ट बराक घाटी और आसपास के पूर्वोत्तर क्षेत्र को हवाई संपर्क उपलब्ध कराने के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने में भी मदद करेगा।

डाकघरों के आधुनिकीकरण के लिए 1,141 करोड़ रुपये मंजूर

इसके अलावा भी मोदी कैबिनेट में कई अहम फैसले लिए गए हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पांच साल में डाकघरों के आधुनिकीकरण के लिए 1,141 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए संवाददाताओं से कहा कि डाक विभाग को मंजूर की गई इस राशि का इस्तेमाल डाक नेटवर्क के आधुनिकीकरण के साथ–साथ चिट्ठी–पत्री और पार्सल सेवाओं को मजबूत करने के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंजूर परियोजनाओं में ग्रामीण डाकघरों का उन्नयन, डाक और पार्सल के परिवहन एवं वितरण की मध्यवर्ती लॉजिस्टिक व्यवस्था को मजबूत करना तथा सरकारी योजनाओं की पहुंच बढ़ाना शामिल है।

सवैधानिक सत्ता का सबसे बड़ा अपमानः दीपम विवाद पर भाजपा का विपक्ष पर हमला, कहा– ये हिंदू धर्म के खिलाफ साजिश

नई दिल्ली, एजेंसी। भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को इंडिया गठबंधन और तमिलनाडु सरकार पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने मदुरै की तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित विवादित दीपथून पत्थर के खंभे पर कार्तिगई दीपम के तहत एक बार प्रतीकात्मक रूप से दीपक जलाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए त्रिवेदी ने कहा, आज मैं आपका ध्यान उस बात की ओर



मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं। आप हमेशा संविधान को अपनी जेब में रखते हैं। लेकिन अब आप सुप्रीम कोर्ट के फैसले को मानने के लिए तैयार नहीं हैं। मुझे लगता है कि यह संविधान की रक्षा करने का दावा करने वालों की ओर से संविधान के अपमान का सबसे बड़ा और सबसे खराब उदाहरण है।

सुधांशु त्रिवेदी, भाजपा नेता

खींचना चाहता हूं, जिसे हम इंडिया गठबंधन और तमिलनाडु सरकार की ओर से किया गया सबसे बड़ा संवैधानिक उल्लंघन मानते हैं। कल कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर, तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का पालन नहीं किया, जिसमें कुछ शर्तों के साथ केवल एक दिन के लिए श्कार्तिगई दीपमश जलाने की अनुमति दी गई थी। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को न तो माना और न ही लागू किया। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना करते हुए कहा कि वे हमेशा संविधान की किताब तो दिखाते हैं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करते। उन्होंने कहा, श्मैं इंडिया गठबंधन, कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं। आप हमेशा संविधान को अपनी जेब में रखने की कोशिश करते हैं, और अब आप सुप्रीम कोर्ट – जो संविधान का संरक्षक है – के फैसले को मानने के लिए तैयार नहीं हैं।

करुणा ही चिकित्सा सेवा का मूल आधार

होम्योपैथी संस्थान से राष्ट्रपति ने डॉक्टरों को क्या संदेश दिया?

भुवनेश्वर, एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा के सबसे पुराने होम्योपैथी संस्थान के छात्रों और शिक्षकों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भले ही तकनीक स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को बदल दे, लेकिन चिकित्सा सेवा प्रदान करने का आधार हमेशा श्करुणाश ही होनी चाहिए। डॉ. अभिन्न चंद्र होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में होम्योपैथी पर आयोजित श्राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलनश में शामिल होते हुए, उन्होंने जोर देकर कहा कि मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सा की हर प्रणाली को उच्च स्तरीय वैज्ञानिक जांच से गुजरना चाहिए। इस कार्यक्रम में होम्योपैथिक कॉलेज के छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं के अलावा, ओडिशा के राज्यपाल ब्रज मोहन राम, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और पूरे भारत से आए अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए। मुर्मू ने कहा, हमें यह याद रखना चाहिए कि तकनीक भले ही स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को बदल दे, लेकिन करुणा ही इसका मूल आधार बनी रहनी



हमें याद रखना चाहिए कि तकनीक भले ही स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को बदल दे, लेकिन करुणा ही इसका मूल आधार बनी रहनी चाहिए। मरीज का इलाज करते समय डॉक्टरों को यह समझना चाहिए कि उनके सामने एक ऐसा इंसान है, जिसकी अपनी उम्मीदें, डर और गरिमा है।

द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि चिकित्सा से जुड़ा कोई भी निर्णय लेते समय मरीजों की सुरक्षा, गरिमा और कल्याण को सर्वोपरि रखना चाहिए, क्योंकि इसका मुख्य उद्देश्य मरीज के कष्टों को कम करना और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। उन्होंने कहा, मरीज का इलाज करते समय डॉक्टरों को यह समझना चाहिए कि उनके सामने एक ऐसा इंसान है, जिसकी अपनी उम्मीदें, डर और गरिमा है। मुर्मू ने यह भी कहा कि चिकित्सा पेशे के लिए केवल शैक्षणिक योग्यता ही काफी नहीं है। इसके लिए बौद्धिक अनुशासन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नैतिक ईमानदारी और सहानुभूति की भी आवश्यकता होती है।होम्योपैथी पेशेवरों के लिए कुछ मार्गदर्शक सिद्धांत सुझाते हुए, राष्ट्रपति ने उनसे सवाल पूछने की आदत डालने और हमेशा सीखते रहने का आग्रह किया। मुर्मू ने कहा, श्किसी संस्थान को केवल उसके बुनियादी ढांचे या उसके कितने साल पुराने होने से नहीं याद रखा जाता, बल्कि इस बात से याद रखा जाता है कि वह कैसे पेशेवर तैयार करता है, कैसा ज्ञान देता है और समाज को क्या सेवा प्रदान करता है।श होम्योपैथिक शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में इस संस्थान के योगदान का जिक्र करते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि एक बेहतरीन मेडिकल कॉलेज के रूप में इसकी प्रतिष्ठा, यहां के शिक्षकों, डॉक्टरों, प्रशासकों और छात्रों के समर्पण को दर्शाती है।

सूरत में परिवार के छह लोगों को नहर में फेंका; तीन की मौत, दो लापता

सूरत, एजेंसी। गुजरात के सूरत जिले में महाराष्ट्र के जलगांव से आए एक परिवार के छह सदस्यों को कथित तौर पर नहर में फेंक दिया गया। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लापता हैं। पुलिस ने बुधवार को बताया कि 13 वर्षीय एक लड़का तैरकर अपनी जान बचाने में सफल रहा। यह सनसनीखेज घटना 21 नवंबर को बारडोली तालुका में हुई थी। पुलिस के अनुसार, हमलावरों की पहचान कर ली गई है और वे परिवार के परिचित थे। पुलिस अधीक्षक (सूरत ग्रामीण) राजेश गाधिया ने बताया कि परिवार किसी काम से सूरत जा रहा था। शिकायत के अनुसार, चार व्यक्ति एक अन्य वाहन में परिवार का पीछा कर रहे थे। उन्होंने बारडोली के उवा गांव के पास परिवार के वाहन को रोका। बदमाशों ने लड़के के माता–पिता और उसके दो वर्षीय भाई को एक वाहन में डाल दिया। लड़के, उसके 16 वर्षीय भाई और नौ वर्षीय बहन को दूसरे वाहन में बैठाया गया। लड़के ने बताया कि उसे, उसके 16 वर्षीय भाई और नौ वर्षीय बहन को नहर में फेंक दिया गया था।

पुणे कोर्ट के बाहर खूनी खेलः बेल पर छूटे हत्या के आरोपी को गोलियों से भूना, काटे हाथ

पुणे, एजेंसी। महाराष्ट्र के पुणे से हैरान करने वाली खबर सामने आई है। यहां पर एक बेहद खौफनाक घटना हुई है। शिवाजीनगर जिला न्यायालय के बाहर हत्या के एक आरोपी पर 6 से 7 हमलावरों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने उसके हाथ काट दिए और उस पर कई राउंड गोलियां चला दीं। जिससे



उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि यह हमला कोर्ट के गेट नंबर 4 के ठीक बाहर हुआ। बताया जा रहा है कि हमले का शिकार मंदार मारुति किवाले नाम का व्यक्ति था। वह 2025 में हुई शुभम सुभाष चव्हाण की हत्या के मामले में आरोपी था। शनिवार को उसे जमानत मिल गई थी और वह जेल से बाहर आया था। बुधवार को वह कोर्ट में सुनवाई के लिए आया था। लेकिन सुनवाई पूरी होने से पहले ही बाहर हमलावरों ने उस पर हमला बोल दिया। बताया जा रहा है कि शुभम सुभाष चव्हाण की हत्या 20 अप्रैल 2025 को हुई थी। यह घटना पुणे के कटराज इलाके के संतोष नगर में हुई थी। पुलिस के मुताबिक, हत्या जमीन और पैसे के झगड़े की वजह से हुई थी। मंदार किवाले को इसी मामले में गिरफ्तार किया गया था। अब पुलिस जांच कर रही है कि बुधवार का हमला उसी पुरानी हत्या का बदला था या कोई और मामला था। फिलहाल पुलिसिया जांच जारी है।

सुप्रीम कोर्टः सेंथिल बालाजी के मामले में अदालत सख्त, पूछा–

सरकार बदलते ही क्यों बदल जाता है मुकदमों का रुख

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के चर्चित कैश फॉर जॉब्स मामले की सुनवाई के दौरान राजनीतिक दखल और आपराधिक मुकदमों की जांच व पैरवी के तरीके पर गंभीर चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि सरकार बदलते ही कई बार अभियोजन का रवैया भी बदल जाता है। एक सरकार मामले को आगे बढ़ाने में ढिलाई बरतती है, तो दूसरी सरकार आते ही उसी मामले में तेजी दिखाने लगती है। अदालत ने कहा कि आपराधिक न्याय व्यवस्था में इस तरह का रवैया ठीक नहीं है और अभियोजन को निष्पक्ष तरीके से काम करना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही थी। पीठ में जस्टिस जॉयमाल्या बागची



सरकार बदलते ही कई बार अभियोजन का रवैया भी बदल जाता है। एक सरकार मामले को आगे बढ़ाने में ढिलाई बरतती है, तो दूसरी सरकार आते ही उसी मामले में तेजी दिखाने लगती है।

सुप्रीम कोर्ट

और जस्टिस वी. मोहना भी शामिल थे। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा कि आपराधिक मामलों में अभियोजन का तरीका राजनीतिक सरकार के बदलने के साथ बदल जाता है। यह न्याय व्यवस्था की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। जस्टिस बागची ने भी इस पर सहमति जताते हुए कहा कि एक सरकार मामले को लटकाए रखती है, जबकि दूसरी सरकार आते ही तेजी से कार्रवाई करने लगती है। उन्होंने कहा कि अभियोजन के कामकाज में कुछ समझदारी और स्थिरता होनी चाहिए। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील राजीव शखधर ने तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) सरकार की ओर से दलील देते हुए कहा कि मामले में कुछ जल्दबाजी की जरूरत है। वहीं, पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की तरफ से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की कि जब तक शीर्ष अदालत इस मामले पर सुनवाई नहीं कर लेती, तब तक निचली अदालत में आरोप तय करने की प्रक्रिया आगे न बढ़ाई जाए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि आरोपी के खिलाफ आरोप कितने भी गंभीर क्यों न हों, उसे अपना पक्ष रखने का पूरा मौका मिलना चाहिए। सीजेआई ने कहा, उस पर गंभीर आरोप हो सकते हैं, लेकिन उसकी बात सुने बिना उसे दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान लंबित अर्जियों के दायरे को भी समझा। इनमें एक अर्जी के जरिए सांसदों से जुड़े मामलों की सुनवाई करने वाली सेशन कोर्ट में लंबित चार मुकदमों का ट्रायल जल्द पूरा कराने की मांग की गई थी।

केंद्र पर बरसे खरगेः एनीमिया-कुपोषण के आंकड़ों पर जवाबदेही मांगी

पोषण बजट–खर्च को लेकर भी सरकार से पूछे सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस ने बुधवार को देश में कुपोषण और एनीमिया की स्थिति को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सवाल किया कि जब देश की लाखों महिलाएं और बच्चे कुपोषण से जूझ रहे हैं तो भारत अपने जनसांख्यिकीय लाभांश (डेमोग्राफिक डिविडेंड) का लाभ कैसे उठा सकता है? उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 साल पूरे होने के बाद भी जवाबदेही तय नहीं होने पर सवाल उठाए। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कांग्रेस अध्यक्ष ने लिखा कि मोदी सरकार की अपनी आईसीएमआर–संपदा रिपोर्ट



के मुताबिक, प्रजनन आयु वर्ग की 55.9 प्रतिशत महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं। किशोरियों और किशोरों में से लगभग दो–तिहाई में विटामिन बी12 की कमी है। एक से चार साल की उम्र के 42 प्रतिशत बच्चे एनीमिया से पीड़ित हैं। गुजरात में प्रजनन आयु वर्ग की 66 प्रतिशत महिलाएं और छोटे बच्चों में से 57 प्रतिशत एनीमिया से प्रभावित हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सरकार का एनीमिया के हल्के मामलों पर जोर देने से इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि प्रजनन आयु वर्ग की लगभग 30 प्रतिशत महिलाएं मध्यम या गंभीर एनीमिया से पीड़ित हैं। खरगे के मुताबिक, नवीनतम राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण–6 (एनएफएचएस–6) से भी पता चलता है कि लगभग एक–तिहाई बच्चे कम वजन के हैं और हर पांच में से एक बच्चा गंभीर कुपोषण से प्रभावित है। खरगे ने सरकार के वित्तीय रिकॉर्ड का हवाला देते हुए कहा कि सक्षम आंगनवाड़ी, पोषण 2.0 और इनसे पहले की योजनाओं के तहत छह वित्तीय वर्षों में 1.13 लाख करोड़ रुपये से अधिक जारी किए गए।

संपादकीय

बिना आस्था तीर्थयात्रा

पूरी दुनिया में भौतिकवाद से उपजी थकान और यांत्रिक जीवन से मुक्ति की चाह में युवा मन बेचौन है। वे शांति व नई ऊर्जा के लिए पवित्र रास्तों की शरण ले रहे हैं। भारत में आध्यात्मिक यात्राओं में 53 फीसदी हिस्सेदारी युवाओं की है। इनमें वे युवा शामिल हैं, जो ये यात्राएं सिर्फ मन की शांति व सुकून के लिए कर रहे हैं। वैसे, बड़ी संख्या उन युवाओं की भी है, जो ईश्वर के अस्तित्व को लेकर निश्चित नहीं हैं। लेकिन वे तीर्थयात्राओं पर निकल रहे हैं। यह ट्रेंड सिर्फ भारत में ही नहीं है, जो मूलतः गहरी धार्मिक आस्थाओं का देश है, बल्कि यूरोप व अमेरिका में भी है। वहां के युवा चर्च जा रहे हैं, मठों में जा रहे हैं और अन्य पवित्र रास्तों की ओर उन्मुख हो रहे हैं। दरअसल, मोबाइल और कंप्यूटर की संस्कृति ने उन्हें यह अहसास कराया है कि वे मशीनी पुर्जे बनते जा रहे हैं। उनका जीवन नीरस व यांत्रिक हो चला है। वे इन यात्राओं को मेंटल रिसेट की तरह ले रहे हैं। इनमें से साठ फीसदी युवा खुद की खोज से जुड़ी यात्रा कर रहे हैं। ये यात्राएं मानसिक स्वास्थ्य के लिए हैं। वे दैनिक जीवन की कृत्रिमता व तनाव से मुक्ति के लिए घड़ी व फोन से दूरी बना रहे हैं। साथ ही तनाव से बचने के लिए योग, विपश्यना और हिमालयी बौद्ध मठों का सहारा ले रहे हैं। इस सोच को दशकों पहले एप्पल के संस्थापक स्टीव जॉब्स ने महसूस किया था और मन की शांति के लिए उत्तराखंड के कैंची धाम पहुंचे थे। बाबा नीम करोली की अनुपस्थिति के बावजूद उन्होंने इस स्थान की आध्यात्मिक ऊर्जा को समझा। कालांतर में फेसबुक के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग भी कैंची धाम पहुंचे। बताते हैं कि स्टीव जॉब्स ने उन्हें मुश्किल वक्त में मन की शांति के लिए भारत आने की सलाह दी थी। हॉलीवुड के चर्चित अभिनेता रिचर्ड गेरे अक्सर हिमाचल स्थित आध्यात्मिक नगरी ध र्मशाला में दलाई लामा से मिलकर मानसिक शांति पाते हैं। सवाल यह है कि जब न तो सभी युवाओं में आस्था प्राथमिकता है और न ही ईश्वर से जुड़ाव, फिर वे तीर्थयात्राएं क्यों कर रहे हैं? दरअसल, लगातार डिजिटल होती दुनिया में युवा खुद को बेहद थका हुआ और दिशाहीन महसूस कर रहे हैं। वे इन तीर्थस्थलों पर पहुंचकर अपने भीतर के शोर को शांत कर रहे हैं। पैसे की चमक–दमक, दिखावे का जीवन और घोर उपभोक्तावादी सोच मनुष्य को भीतर से अशांत कर रही है। मनुष्य भले ही कितना ही आधुनिक व समृद्ध हो जाए, वह अपनी मूलभूत मानवीय प्रवृत्तियों को नजरअंदाज नहीं कर सकता। ऐसे में ये तीर्थयात्राएं युवाओं को मानसिक रूप से तरोताजा बनाती हैं। यह ट्रेंड केवल भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में देखा जा रहा है। दरअसल, पूरे विश्व में व्याप्त आर्थिक विषमताएं और युवाओं को बड़े–बड़े सपने दिखाने वाला इंटरनेट व सोशल मीडिया उन्हें बेचौन कर रहा है। यथार्थ कठोर है। मनुष्य की क्षमताएं सीमित हैं। परिस्थितियां विकट हैं। ऐसे में सपनों और कठोर यथार्थ में साम्य स्थापित न हो पाना युवाओं को बेचौन कर देता है। कोरोना संकट ने युवाओं को भीतर तक हिलाया। अपनों की क्षति और आर्थिक स्थिति में गिरावट ने उन्हें उद्वेलित किया। फिर दुनिया के दो बड़े युद्धों और शक्तिशाली राष्ट्रों की निरंकुश व निर्मम नीतियों ने युवाओं को बेचौन किया। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सिमटे हैं। फलतः जीवन की दुश्वारियों के बीच मानसिक शांति की तलाश में वे तीर्थयात्राओं पर निकल रहे हैं। यही वजह है कि अमेरिका व यूरोप में भी धार्मिक स्थलों, मठों और प्राचीन तीर्थ मार्गों पर जाने वाले युवाओं की संख्या में अप्रत्याशित उछाल देखा गया है। इनमें बड़ी संख्या उन युवाओं की भी है, जो खुद को धार्मिक नहीं मानते। वे डिजिटल थकान व मानसिक तनाव से मुक्ति के लिए समुद्र तटों की बजाय शांत तीर्थस्थलों को चुन रहे हैं, जहां उन्हें बिना किसी अपराधबोध के शांतिपूर्वक और आराम से रहने का मौका मिलता है। सही मायने में व्यक्ति के मन को शांति और सुकून प्रकृति के सान्निध्य में और अपने मूल स्वभाव में जीने से ही मिलता है।

भारत-नेपाल के बीच नयी शुरुआत

डॉ. दीपक पाचपोर

बालेन शाह से नेपाल के युवाओं को वही सारी अपेक्षाएं हैं, जो किसी भी देश के युवा को अपनी सरकार से होती है। अच्छी शिक्षा व्यवस्था, रोजगार, आगे बढ़ने के मौके, भ्रष्टाचार पर लगाम आदि।

नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह 22 नवंबर को अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर भारत पहुंचे। अपने दो दिन के दौरे में बालेन शाह ने पहले दिन विदेश मंत्री एस.जयशंकर से मुलाकात की और अगले दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ उनकी मुलाकात हुई। बालेन शाह का यह भारत दौरा कई मायनों में अहम है। जून 2024 के बाद अब नेपाल के प्रधानमंत्री भारत यात्रा पर आए हैं। बालेन शाह से पहले के पी शर्मा ओली जुलाई 2024 से सितंबर 2025 तक नेपाल के प्रधानमंत्री थे, और इस दौरान वे एक बार भी भारत नहीं आए। उनसे पहले के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल श्प्रचंडश जून 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत आए थे। नेपाल भारत का निकट पड़ोसी ही नहीं है, बल्कि सदियों से नेपाल और भारत के बीच रोटी–बेटी के संबंध भी हैं। यह महज जुमलेबाजी नहीं है, हकीकत है। नेपाल की सीमा से लगे हिस्सों में बहुत से परिवार ऐसे हैं जिनकी रिश्तेदारी नेपाल में है और यही स्थिति नेपाल के अनेक परिवारों की है। दरअसल नेपाल के साथ रिश्तों की खासियत यह है कि भावनात्मक तौर पर दोनों देशों में जुड़ाव रहा है। नेपाल में चाहे सत्ता किसी की भी रही हो, दोनों देशों की जनता के बीच आपसी प्रेम और सद्भाव बना ही रहा। बांग्लादेश, भूटान, श्रीलंका, म्यांमार जैसे अन्य पड़ोसी देशों की तुलना में नेपाल से एक सहजता भारतीय महसूस करते रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में भारत और नेपाल के बीच कभी सीमा विवाद तो कभी राजनैतिक बयानबाजी के कारण रिश्तों में खटास भी आई है। नेपाल और भारत के राजनैतिक संबंधों पर चीन की छाया पड़ने से संबंधों में कड़वाहट देखने मिली है। चीन अपने सामरिक और आर्थिक लाभ के लिए बांग्लादेश, श्रीलंका, पाकिस्तान सभी देशों को अपने प्रभाव में रखना चाहता है, अपनी बड़ी परियोजनाओं के लिए इन देशों का इस्तेमाल करता है, बदले में उन्हें आर्थिक तौर पर उपकृत करता है, नेपाल भी इन्हीं में से एक देश बना हुआ है। नेपाल के साम्यवादी नेताओं का झुकाव भी चीन की तरफ रहा। लेकिन अब हालात बदले हुए हैं। नेपाल में कुछ अरसा पहले ही सरकार के खिलाफ युवाओं का बड़ा आंदोलन हुआ। इसमें पिछली सरकारों के अहम किरदार हाशिए पर चले गए। काठमांडू के मेयर रहे और नयी पीढ़ी के बीच लोकप्रिय रैपर बालेन शाह को सत्ता संभालने का मौका मिला। राजशाही को खत्म करने के बाद यह नेपाल की जनता के लिए एक और बड़ा बदलाव था कि उम्रदराज नेताओं की जगह एक अपेक्षाकृत युवा नेता के हाथ में देश की बागडोर आई। बालेन शाह से नेपाल के युवाओं को वही सारी अपेक्षाएं हैं, जो किसी भी देश के युवा को अपनी सरकार से होती है। अच्छी शिक्षा व्यवस्था, रोजगार, आगे बढ़ने के मौके, भ्रष्टाचार पर लगाम आदि। यह सब तभी संभव है, जब देश आर्थिक विकास के रास्ते पर आगे बढ़े। नेपाल की प्रगति में भारत ने हमेशा ही साथ दिया है और अब बालेन शाह ने अपने दौरे में भारत से सहयोग की अपेक्षा ही दर्शाई है। भारत नेपाल का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। नेपाल अपनी जरूरतों के लिए भारतीय बाजार, परिवहन और आपूर्ति व्यवस्था पर काफी निर्भर है। वहीं भारत के लिए नेपाल हिमालयी क्षेत्र में रणनीतिक और आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण है। बालेन शाह से सोमवार को प्रध ाानमंत्री मोदी की मुलाकात के बाद कई महत्वपूर्ण समझौते हुए और दोनों देशों ने मिलकर श्विकसित भारत और समुन्नत नेपालश साझा विजन दस्तावेज जारी किया। इसके तहत आर्थिक साझेदारी, व्यापार, निवेश, कनेक्टिविटी, ऊर्जा और जल संसाधन समेत 10 प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का रोडमैप तैयार हुआ। दस्तावेज में शिक्षा, खेल, डिजिटल सेवाओं, स्टार्टअप, अंतरिक्ष तकनीक और नवाचार को भी प्राथमिकता दी गई है। इसके अलावा तय हुआ कि जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रबंधन में भी दोनों देश मिलकर काम करेंगे। बालेन शाह ने कहा कि भारत और नेपाल के संबंध हिमालय की तरह मजबूत और महासागरों की तरह विशाल हैं। उन्होंने कहा कि नेपाल में प्राकृतिक आपदाओं और मुश्किल परिस्थितियों के दौरान भारत एक भरोसेमंद पड़ोसी की तरह हमेशा सबसे पहले मदद के लिए आगे आया है। उन्होंने यह भी कहा कि मुझे विश्वास है कि आज की वार्ता में हम जिन नतीजों पर पहुंचे हैं, उनसे नेपाल और भारत के संबंध नयी ऊंचाइयों पर पहुंचेंगे। समय की मांग है कि नेपाल और भारत की स्थायी मित्रता की मजबूत नींव पर संबंधों को और सुदृढ़ बनाया जाए। वहीं प्रध ाानमंत्री मोदी ने कहा कि भगवान राम और माता सीता हमारी साझा सभ्यता और आस्था की पहचान हैं। भारत और नेपाल का रिश्ता केवल पड़ोस का नहीं, बल्कि अपनेपन और अटूट विश्वास का रिश्ता है। हमारी खुशियां साझी हैं और हमारी चुनौतियां भी। हम एक–दूसरे की प्रगति में साथी हैं और मुश्किल समय में एक–दूसरे का सहारा भी। दोनों नेताओं ने अयोध्या जनकपुर धाम के लिए विशेष ट्रेन सेवा को शुरु किया, नेपाल के साथ रेल मार्ग से जुड़ने की यह अहम पहल है। एक अरसे के बाद नेपाल और भारत के संबंधों में पुरानी गर्मजोशी देखने मिली है, जो सराहनीय है। अब कालापानी, लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और सुस्ता जैसे क्षेत्रों को लेकर जो सीमा विवाद लंबे समय से चला आ रहा है, उसे कूटनीतिक बातचीत के जरिए हल करने की कोशिशें की जाएं, तो दोनों देशों को इससे लाभ मिलेगा।

म्यांमार: फैसला अंत नहीं है

असद मिर्जा

अतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) का नवंबर 2026 का फैसला एक ऐतिहासिक कानूनी हिसाब–किताब है– उसने म्यांमार को रोहिंग्या के विरुद्ध नरसंहार का जिम्मेदार ठहराया है। लेकिन केवल एक फैसला नागरिकता बहाल नहीं कर सकता, सुरक्षित वापसी सुनिश्चित नहीं कर सकता और न ही व्यक्तियों को दंडित कर सकता है। इसका असर इस पर निर्भर है कि म्यांमार पालन करता है या नहीं, और सरकारें निंदा को निरंतर दबाव व व्यावहारिक संरक्षण में बदलती हैं या नहीं। रोहिंग्या मुख्यतः मुस्लिम जातीय अल्पसंख्यक हैं, जिनकी जड़ें म्यांमार के राखाइन राज्य में गहरी हैं। उन्हें दशकों से भेदभाव और राज्य के दमन का सामना करना पड़ा है। 1982 के नागरिकता कानून ने व्यावहारिक रूप से अधिकांश रोहिंग्या को नागरिकता से वंचित कर दिया, उन्हें राज्यविहीन बना दिया और उनके आवागमन, शिक्षा तथा सेवाओं तक पहुंच को सीमित कर दिया। श्रोहिंग्याश नाम को नकारना उस व्यापक इनकार का हिस्सा बन गया कि यह समुदाय देश का हिस्सा है। संकट कई लहरों में गहराता गया, जिनमें 1978, 1991 और 2012 के सामूहिक विस्थापन शामिल हैं। 2016 में अराकान रोहिंग्या साल्वेशन आर्मी (अरसा) के सुरक्षा चौकियों पर हमलों के बाद सैन्य अभियान चले। 25 अगस्त 2017 को अरसा ने पुलिस और सैन्य ठिकानों पर हमला कियाय सेना की प्रतिक्रिया कहीं अधिक विनाशकारी थी। बाद के हफ्तों में सुरक्षा बलों ने गांव जलाए, नागरिकों की हत्या की और बड़े पैमाने पर यौन हिंसा की। सात लाख से अधिक रोहिंग्या सीमा पार कर बांग्लादेश भाग गए। यह पलायन कोई अलग–थलग घटना नहीं था। यह वर्षों के बहिष्कार का परिणाम था, और इसके बाद भी लाखों रोहिंग्या म्यांमार के भीतर कठोर पाबंदियों में रहते रहे। संयुक्त राष्ट्र के 2018 के तथ्य–अन्वेषण मिशन ने 2017 की हिंसा को व्यापक और सुनियोजित बताया और वरिष्ठ सैन्य नेताओं की जवाबदेही की माँग की। म्यांमार सरकार ने नरसंहार के आरोपों को खारिज कर दिया और अपनी कार्रवाइयों को अरसा के विरुद्ध उग्रवाद–रोधी उपाय बताया। नवंबर 2019 में गांबिया ने, इस्लामी सहयोग संगठन के समर्थन से, म्यांमार के विरुद्ध आईसीजे में मामला दायर किया और 1948 के नरसंहार अभिसमय के उल्लंघन का आरोप लगाया। यह जनरलों के विरुद्ध आपराधि ाक मुकध्दमा नहीं था। सवाल यह था कि क्या म्यांमार ने, एक राज्य के रूप में, नरसंहार को रोकने और दंडित करने के अपने दायित्वों का उल्लंघन किया है। जनवरी 2020 में न्यायालय ने म्यांमार को आदेश दिया कि वह रोहिंग्या की रक्षा और साक्ष्य सुरक्षित रखने के लिए अंतरिम उपाय करे। म्यांमार ने न्यायालय के अधिकार–क्षेत्र और गांबिया के मामला लाने के अधिकार को चुनौती दीय जुलाई 2022 में न्यायाधीशों ने उसकी प्रारंभिक आपत्तियां खारिज कर दीं, जिससे गुण–दोष पर कार्यवाही जारी रह सकी। जनवरी 2026 में सुनवाई हुई, जिसमें पीड़ितों की गवाही साक्ष्य का केंद्रीय हिस्सा थी। 19 नवंबर का फैसला एक मील का पत्थर है– न्यायालय ने पाया कि म्यांमार ने 2017 के सफाई अभियानों के दौरान रोहिंग्या के विरुद्ध नरसंहार किया, और वह नरसंहार को रोकने तथा दंडित करने में विफल रहा। साथ ही म्यांमार ने साक्ष्य सुरक्षित रखने संबंधी 2020 के आदेश का उल्लंघन किया। फैसले पर आई रिपोर्टों के अनुसार, न्यायाधीशों ने 9–6 के मत से माना कि सैन्य अभियान इस समूह को, कम से कम काफी हद तक, नष्ट करने के इरादे से चलाया गया था। न्यायालय ने यह दावा ठुकरा दिया कि हिंसा के पैमाने और स्वरूप की व्याख्या केवल आतंकवाद–रोधी कार्रवाई से होती है। न्यायालय ने म्यांमार को निर्देश दिया कि वह जारी उल्लंघन रोके, नरसंहार के उचित रूप से संदिग्ध लोगों की जांच करे और जहां उचित हो उन पर मुकदमा चलाकर दंडित करे। उसने पुनरावृत्ति न होने के आश्वासन, रोहिंग्या के लिए पुर्नस्थापन, जिसमें सुरक्षित, स्वैच्छिक और गरिमामय वापसी तथा परिवारों के पुनर्मिलन की शर्तें शामिल हैं, और मुआवजे का भी आदेश दिया। क्षतिपूर्ति की राशि और व्यवस्थाएं बाद के चरण में तय होंगीय म्यांमार को दो वर्ष के भीतर बहाली और मुआवजे के उपायों पर रिपोर्ट देनी होगी। ये आदेश बाध्यकारी हैं, किंतु आईसीजे के पास पुलिस बल नहीं है, न वह अधिकारियों को गिरफ्तार कर सकता है और न म्यांमार के सैन्य नेतृत्व को सहयोग के लिए बाध्य। यदि कोई राज्य पालन न करे, तो दूसरा पक्ष मामला संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ले जा सकता है, जो उपायों की सिफारिश या निर्णय कर सकती है। यह मार्ग राजनीतिक रूप से अनिश्चित है– परिषद की शक्ति विवेकाध ाीन है और स्थायी सदस्य कार्रवाई रोक सकते हैं। इसलिए अनुपालन काफी हद तक कूटनीतिक दबाव, अंतरराष्ट्रीय समन्वय और निरंतर निगरानी पर निर्भर करेगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस ने फैसले का स्वागत किया और इसे पीड़ितों की मान्यता तथा इस बात की पुनर्पुष्टि बताया कि दंडमुक्ति हावी नहीं होनी चाहिए। बांग्लादेश से फैसला देख रहे रोहिंग्या पीड़ितों के लिए यह सशक्त सार्वजनिक स्वीकृति थी। लेकिन रोहिंग्या पैरोकारों के अनुसार मान्यता पर्याप्त नहीं– पीड़ित चाहते हैं कि दुनिया उनकी बात सुने और उनके भविष्य से जुड़े निर्णयों में महिलाओं को शामिल करे। अमेरिका की प्रतिक्रिया अधिक सतर्क रही। हालांकि बाइडेन प्रशासन ने 2022 में औपचारिक रूप से माना था कि म्यांमार की सेना ने नरसंहार और मानवता के विरुद्ध अपराध किए, अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि वह आईसीजे के निर्णय का अध्ययन कर रहा है और न्यायालय के राजनीतिकरण से बचने के महत्व पर बल दिया। यह विरोधाभास एक केंद्रीय तनाव को उजागर करता है– रोहिंग्या के प्रति समर्थन इस राजनीतिक सावध ाानी के साथ भी रह सकता है कि अंतरराष्ट्रीय अदालतें नरसंहार को कैसे परिभाषित और लागू करती हैं। म्यांमार की सैन्य–समर्थित सरकार ने अब तक फैसले पर सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। यह चुप्पी कानूनी निष्कर्ष को कमजोर नहीं करती, पर यह प्रश्न खुला छोड़ देती है कि क्या अधिकारी आदेश लागू करेंगे। यह फैसला व्यक्तिगत अपराधियों की जिम्मेदारी भी तय नहीं करताय उसके लिए अलग आपराधिक कार्यवाही और राज्यों व संस्थाओं का सहयोग चाहिए। गांबिया के मामला दायर करने के बाद से रोहिंग्या के हालात बदल चुके हैं। 2021 के सैन्य तख्तापलट ने आंग सान सू ची के नेतृत्व वाली नागरिक सरकार को हटा दिया, और म्यांमार तब से व्यापक संघर्ष में घिरा है। राखाइन में रोहिंग्या नागरिक सेना और अराकान आर्मी के बीच फंस गए हैं, और दोनों पर गंभीर ज्यादतियों के आरोप हैं। अराकान आर्मी अब राज्य के बड़े हिस्से पर नियंत्रण रखती है, जबकि रोहिंग्या लगातार दमन, जबरन श्रम और मनमानी हिरासत का सामना कर रहे हैं। इस बीच, बांग्लादेश में शरणार्थी भीड़भाड़ वाले शिविरों में मानवीय सहायता पर निर्भर हैं और घर लौटने का कोई स्पष्ट रास्ता नहीं है। केवल कागज पर संभव वापसी न्यायालय के निर्देश को पूरा नहीं करेगी– वह सुरक्षित, स्वैच्छिक और गरिमामय होनी चाहिए। इसके लिए सुरक्षा, आवागमन की स्वतंत्रता, बहाल अधिकार और दोबारा उत्पीड़न के विरुद्ध विश्वसनीय गारंटियां चाहिए, केवल सीमा पार पहुंचाना नहीं। तात्कालिक परीक्षा क्रियान्वयन है। गांबिया और समर्थक राज्यों को म्यांमार से अनुपालन के लिए दबाव बनाना होगा, जबकि संयुक्त राष्ट्र और अन्य सरकारों को जांचों की निगरानी, साक्ष्यों की रक्षा और यह आग्रह करना चाहिए कि वापसी तथा बहाली की योजनाओं को रोहिंग्या की आवाज आकार दे। क्षतिपूर्ति का बाद का चरण भी मायने रखेगा– मुआवजे और बहाली को व्यक्तियों तथा समुदाय की क्षति की भरपाई करनी चाहिए, केवल कागजी आंकड़ा नहीं देना चाहिए।

विधानसभा चुनाव से पहले पंजाब का राजनीतिक माहौल और अधिक प्रतिस्पर्धी

डॉ. ज्ञान पाठक

पंजाब का राजनीतिक परिदृश्य राजनीतिक दलों के लिए और अधिक प्रतिस्पर्धी होता जा रहा है, लेकिन आम लोगों के लिए यह और भी दिलचस्प हो गया है। नेता अपनी निष्ठाएं बदलते दिख रहे हैं और राजनीतिक दल जिस तरह के पैंतरे अपना रहे हैं, वह आम लोगों के लिए मनोरंजन का विषय बन गया है। आम लोग नेताओं और राजनीतिक दलों की इन चालबाजियों को बखूबी समझ रहे हैं। मौजूदा हालात को देखते हुए, पंजाब में चार–तरफा राजनीतिक मुकाबला होता दिख रहा है। हालांकि, अगर चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) के बीच गठबंधन हो जाता है, तो यह मुकाबला तीन–तरफा हो सकता है। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी (आप) अपनी सरकार का बचाव कर रही है और राज्य में सत्ता बनाए रखने की कोशिश में है, जबकि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस वापसी की जुगत में है। भाजपा अपने प्रभाव को बढ़ाने का प्रयास कर रही है, और एसएडीअपने खोए हुए पारंपरिक राजनीतिक आधार को फिर से हासिल करने की कोशिश कर रही है। इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है कि इनके बीच होने वाला मुकाबला 2022 के विध ाानसभा चुनाव की तुलना में कहीं अधिक प्रतिस्पर्धी होगा। ऐसा लगता है कि यह राजनीतिक निष्ठाएं बदलने का दौर है। भाजपा इस मामले में काफी सक्रिय और सफल रही है। उसने आप, कांग्रेस और एसएडीके कई नेताओं को अपनी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया है। हाल ही में, 19 नवंबर को ऐसा ही एक बदलाव देखने को मिला, जब लुधियाना, मोगा और संगरूर जिलों से आप, कांग्रेस और एसएडीके कई प्रमुख नेता अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने चंडीगढ़ स्थित अपने पंजाब मुख्यालय में इन नेताओं के शामिल होने का कार्यक्रम आयोजित किया था। भाजपा में शामिल होने वालों में मोगा से आप नेता और प्रवक्ता नवदीप सिंह संघा, रायकोट से वरिष्ठ अकाली नेता सुरिंदर सिंह चौहान, और पंजाब यूनिवर्सिटी एनएसयूआईके पूर्व अध्यक्ष हार्दिक नैन (लेहरागागा) शामिल थे। आप के प्रवक्ता नवदीप सिंह संघा के साथ–साथ, पार्टी के संस्थापक सदस्य और मोगा बुद्धिजीवी शाखा के प्रभारी मनदीप सिंह गिल, तथा पंजाब एससी–बीसी शाखा के संयुक्त सचिव सुखदीप सिंह धामी भी भाजपा में शामिल हो गए। इस कार्यक्रम के दौरान एक बहुत ही दिलचस्प घटना घटी। श्ऑल इंडिया ह्यूमन राइट्स काउंसिलश (एआईएचआरसी) के लगभग 25 पदाधिकारियों ने भाजपा की विचारधारा अपना ली! यह दिलचस्प इसलिए है क्योंकि एआईएचआरसीखुद को एक गैर–राजनीतिक और धर्मनिरपेक्ष संगठन बताता रहा है, जो मानवाधिकारों, समानता और लोगों की गरिमा की रक्षा के लिए काम करने का दावा करता है। भाजपा में शामिल होने वालों में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशा सिंह आजाद, आरटीआई विंग के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह (मोहाली), किसान विंग के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह घुमन और एनआरआई विंग के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह शामिल हैं। पंजाब के लोगों के बीच एक और दिलचस्प बात चर्चा का विषय बनी, वह यह कि कांग्रेस के नेता और दो बार विधायक रहे हरदयाल सिंह कंबोज ने भी अपनी पार्टी छोड़ दी और 19 नवंबर को भाजपा में शामिल हो गए। उन्हें कांग्रेस की ओर से 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र तैयार करने की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई थी। वह 2027 के चुनाव के लिए कांग्रेस की घोषणापत्र समिति के सह–अध्यक्ष के रूप में काम कर रहे थे। उनके साथ कांग्रेस के कई अन्य नेता और कार्यकर्ता भी भाजपा में शामिल हो गए हैं। भाजपा मुख्य रूप से दूसरी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं को अपने पाले में लाकर, राज्य में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रही है। 2022 के पंजाब विध ाानसभा चुनाव में, 117 सीटों में से भाजपा केवल 2 सीटें ही जीत पाई थी। उस समय भाजपा का वोट शेयर भी महज 6.6 प्रतिशत था, इसलिए अब वह अपने समर्थन आधार को बढ़ाना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित भाजपा के केंद्रीय नेता लगातार राज्य का दौरा कर रहे हैं और ऐसे कई धार्मिक नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं, जिनका सिख और दलित समुदायों के बीच अच्छा–खासा प्रभाव है। ऐसी खबरें भी हैं कि भाजपा, शिरोमणि अकाली दल के साथ चुनाव से पहले गठबंधन करने की कोशिश कर रही है। गौरतलब है कि 2020 में कृषि से जुड़े तीन विवादित कानूनों के मुद्दे पर उसने एनडीए से अपना नाता तोड़ लिया था। एसएडीनेताओं ने भी भाजपा के साथ अपने पुराने गठबंधन को फिर से बहाल करने पर विचार करने के संकेत दिए हैं, लेकिन अभी तक कुछ भी पक्का नहीं है। 2022 के चुनाव में एसएडी केवल 3 सीटें जीत पाई थी और उनका वोट शेयर 18.38 प्रतिशत था। किसानों और सिखों के बीच उनका समर्थन आधार काफी कम हो गया है। अब पार्टी अपना खोया हुआ समर्थन आधार वापस पाना चाहती है। एसएडीके लिए यह अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने की लड़ाई है। पार्टी अपने संगठन को फिर से खड़ा करने की कोशिश कर रही है, जिसका साफ संकेत 15 नवंबर को तब मिला, जब बीबी जागीर कौर की एसएडीमें वापसी हुई। 18 नवंबर को छपी एक रिपोर्ट के अनुसार, भाजपा और एसएडीअपने पुराने गठबंधन को फिर से बहाल करने को लेकर बातचीत के काफी करीब पहुंच गए हैं। पुराने गठबंध ान के ढांचे में, भाजपा और एसएडी क्रमशरू 23 और 94 सीटों पर लड़े थे। हालांकि, नई बातचीत में भाजपा 42–47 सीटों की मांग कर रही है, और एसएडीको यह समझाने की कोशिश कर रही है कि उन्हें लगभग 70–75 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहिए। सत्ताधारी आप सत्ता में रहने के फायदे और राज्य स्तर पर एक स्थापित संगठन के साथ चुनाव मैदान में उतर रही है। हालांकि, उसे अपने कामकाज और किए गए वादों को पूरा करने को लेकर सवालों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए, उसे अपने कामकाज का बचाव करना होगा।

80 विद्यालयों में छात्र नामांकन शून्य, नोटिस जारी

बीएसए ने कहा कि मान्यता प्रत्याहरण की होगी कार्रवाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। बीएसए अनिल कुमार ने आज जनपद के 80 विद्यालयों में छात्र नामांकन शून्य होने पर नोटिस जारी करते हुए।



कहा कि अगर दो दिन में शत प्रतिशत छात्र–छात्राओं का इनरोलमेंट यू–डायस पोर्टल पर कर लें अन्यथा कि स्थिति में उनका यू–डायस कोड बन्द कराते हुए मान्यता प्रत्याहरण की कार्यवाही के लिए सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज को पत्र भेज दिया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संस्था प्रधान का होगा। बीएसए अनिल कुमार ने कहा कि इस सम्बन्ध में सम्बन्धित विद्यालयों को इस कार्यालय के विभिन्न पत्रों द्वारा 02 बार कारण बताओं नोटिस जारी किया जा चुका है किन्तु अभी तक इन विद्यालयों ने यू– डायस पोर्टल पर छात्र–छात्राओं का डाटा अंकित नहीं किया है। ऐसे समस्त विद्यालय के प्रबन्धक ध प्रधानाचार्य को निर्देशित किया जाता है कि 28 नवंबर शनिवार तक नोटिस का जवाब नही देते है तो उनके विद्यालय के खिलाफ मान्यता प्रत्याहरण की कार्रवाही शुरू होगी जिसकी जिम्मेदारी संस्था प्रमुख की होगी।

मुस्कान भारतीय बनीं प्रयागराज मंडल महिला खो–खो टीम की कप्तान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश की ओर से 26 से 28 नवंबर तक जौनपुर स्टेडियम में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय महिला खो–खो प्रतियोगिता के लिए प्रयागराज मंडल की टीम घोषित कर दी गई है। टीम की कमान मुस्कान भारतीय को सौंपी गई है। टीम में मुस्कान भारतीय (कप्तान), अंजलि, श्रेया तिवारी, ईशा, अनुष्का, मान्या, रिवांशी, मुस्कान गुप्ता, ब्यूटी, निधि एवं कुमारी अक्षत का चयन हुआ है। इनमें ईशा कुमारी कौशांबी से हैं, जबकि अन्य खिलाड़ी प्रयागराज की हैं। टीम प्रशिक्षक मोनी तिवारी बनाई गई हैं। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी शिव कुमार यादव ने इसकी जानकारी दी। मुस्कान भारतीय को कप्तान बनाए जाने पर खो–खो एसोसिएशन प्रयागराज के चेयरमैन अरुण प्रताप सिंह, अध्यक्ष रंजीत चौरसिया, सचिव मिथुन कुमार, कोषाध्यक्ष राधेश्याम मौर्य सहित अन्य पदाधिकारियों ने पूरी टीम को प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।



विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल और डीएसए क्लब को मिली जीत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल और डीएसए क्लब ने अपने–अपने मुकाबले जीतकर द्वितीय स्वर्गीय राममूर्ति त्रिपाठी अंडर–16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल मैदान पर खेले गए मुकाबले में भवम क्लब की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 21.1 ओवर में 71 रन (आदित्य राज सक्सेना 26, शाश्वत द्विवेदी 25, अनिकेत गर्ग 3/08, रुद्र प्रताप 3/31 तथा प्रियम सिंह 2/22) बनाये। जवाब में विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ने 12.5 ओवर में तीन विकेट पर 75 रन (नितेश पाल 29, अरुण पाल 23, अंशवीर सिंह दो विकेट) बनाकर जीत हासिल कर ली। रुद्र प्रताप को मैन ऑफ द मैच चुना गया। ईश्वर शरण इंटर कालेज मैदान पर खेले गए मैच में डीएसए क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 27.2 ओवर में 160 रन (अर्पित कुशवाहा 57, मो. फैज 41, अंकुर यादव तीन, अरमान यादव और नैतिक दो–दो विकेट) बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए तरुणा सन्स क्लब की टीम 25 ओवर में 157 रन (आयुष्मान 30, अविनाश कुमार 21, अंकुर यादव 18, मानस भारती और मो. फैज दो–दो विकेट) ही बना सकी।

महिला राज्य स्तरीय सेपक टाकरा चैंपियनशिप में प्रयागराज की टीम लेगी हिस्सा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। बरेली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम (साई) में 27 से 29 नवंबर तक महिला राज्य स्तरीय सेपक टाकरा चौंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रयागराज की महिला टीम भी प्रतिभाग करेगी। टीम 26 नवंबर को नौचंदी एक्सप्रेस से प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन से बरेली के लिए रवाना होगी। सभी चयनित खिलाड़ियों को शाम 4 बजे प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन पर टिकट काउंटर के पास पहुंचकर टीम मैनेजर से संपर्क करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रतियोगिता के लिए प्रयागराज टीम में राधिका चौधरी, सुहानी सिंह, प्रेशा भट्ट, मानसी पांडेय, दिव्यांशी राजपूत, खुशी यादव, भव्या गर्ग, मानसी, स्वाति कुशवाहा, दीक्षा सिंह एवं विंध्यवासिनी का चयन किया गया है। टीम मैनेजर की जिम्मेदारी संजय सिंह को सौंपी गई है।

कुश्ती पुरानी परंपरा है, जीवंत रहनी चाहिए : स्वामी शाडिल्य

तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय दंगल शुरू

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। श्रृंगवेरपुर धाम के पीठाधीश्वर श्रीमदजगदगुरू नारायणाचार्य स्वामी शाडिल्य महराज ने आज कनैली, चायल के ऐतिहासिक मेले में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय दंगल का फीता काट कर शुभारम्भ किया। स्वामी शाडिल्य महराज ने कहा कि दंगल भारतीय समाज की पुरानी बहु प्रचलित परंपरा है इसको हमें और आपको मिलकर जीवंत करना होगा जिससे कि यह आगे भी चलती रही। उन्होंने कहा कि यह सब ऐसे सामाजिक आयोजन है जो एक या दो लोग मिलकर आयोजित नही करते है बल्कि समाज के सभी वर्ग के लोग ऐसे आयोजनों में खुशी – खुशी शामिल होते है और उसे सफल बनाते है। स्वामी शाडिल्य महराज ने कहा कि ऐसे आयोजनों को और बढावा



दिया जाना चाहिए जिससे कि सामाजिकता बढे और भाई चारा मजबूत हो। उन्होंने आयोजक मण्डल के पूर्व जिला पंचायत सदस्य, जिला उपाध्यक्ष अपना दल (एस) एवं मेला आयोजक अजय सिंह पटेल की प्रंशसा किया कि वह ऐसे आयोजन करने के लिए बधाई के पात्र है क्योंकि जहां वह पुरानी परंपरा को जीवंत किये हुए है वही लोगों को आयोजन से जोडकर रखा है जिससे कि समाज में भाई – चारे बहुत अच्छा संदेश जा रहा है जिसकी आज हम, सभी को बहुत जरुरत है। इसके पूर्व मेला आयोजक, आयोजक मण्डल के पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं जिला उपाध्यक्ष अपना दल (एस) एवं अजय सिंह पटेल ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि दंगल तीन दिवसीय है जिसमें देश, विदेश के पहलवान शामिल हो रहे है और दंगल का समापन 26 नवंबर को होगा जबकि मेले का समापन 28 नवंबर को होगा। उन्होंने बताया कि 10 दिसंबर तक विशाल पशु मेला का भी आयोजन किया गया है जिसमें देश के कोने – कोने से पशु व्यापारी अपने पशुओं के साथ शामिल हो रहे है।

346.79 लाख से बने मिनी स्टेडियम का भव्य लोकार्पण, ग्रामीण खिलाड़ियों को मिलेगी नई पहचान

बहरौली में विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह ने किया उद्घाटन, जल्द विकसित होंगी आधुनिक खेल सुविधाएं

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। भगवतपुर विकासखंड के ग्राम बहरौली (मनरेह माफी) में 346.79 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित मिनी स्टेडियम का मंगलवार को भव्य लोकार्पण किया गया। शहर पश्चिमी के विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह ने फीता काटकर स्टेडियम का उद्घाटन किया। स्टेडियम के निर्माण से क्षेत्र के युवाओं और खिलाड़ियों को खेल प्रतिभा निखारने के लिए बेहतर मंच मिलेगा।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना के तहत जिला ग्राम्य विकास अभिकरण की ओर से निर्मित इस स्टेडियम का निर्माण कार्यदायी संस्था यूपी सिडको ने कराया है। इसके संचालन की जिम्मेदारी युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग, उत्तर प्रदेश को सौंपी गई है।

लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं और बच्चों में खेल के प्रति गहरी रुचि है। उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से स्टेडियम का निर्माण कराया गया है। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीनों को भू–माफिया के अवैध कब्जे से मुक्त कराकर क्षेत्र में स्टेडियम, अस्पताल सहित कई जनकल्याणकारी कार्य कराए गए हैं। जल्द ही मिनी स्टेडियम में खेलकूद की आवश्यक सामग्री और आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी, ताकि इसे आदर्श स्टेडियम के रूप में तैयार किया जा सके।

उन्होंने युवाओं और खिलाड़ियों से नियमित रूप से स्टेडियम आने तथा उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाकर अपनी खेल प्रतिभा को निखारने का आह्वान किया। कहा कि खेल के माध्यम से युवा क्षेत्र और जिले का नाम रोशन कर सकते हैं।

इस अवसर पर बच्चों की वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भी



शुभारंभ किया गया। विधायक ने मैदान में पहुंचकर प्रतिभागी बच्चों और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता को लेकर स्थानीय बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम में जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी गुलशन शर्मा ने आश्वस्त किया कि विभाग की ओर से स्टेडियम का सुचारु संचालन और बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे यहां से भविष्य में अच्छे खिलाड़ी तैयार हो सकें।

इस मौके पर खंड विकास अधिकारी भगवतपुर, ग्राम प्रधान, भाजपा मंडल अध्यक्ष, जिला संयोजक, पार्टी प्रतिनिधि रामजी शुक्ला, मनवीर कुशवाहा समेत विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक एवं खिलाड़ी मौजूद रहे।

झूसी के लाल अमित दयाल एवं अर्श अली ने बढ़ाया प्रयागराज का गौरव!

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झूसी, प्रयागराज। झूसी के दो होनहार हॉकी खिलाड़ियों ने एक बार फिर क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। विजय ग्रुप ऑफ झूसी हॉकी अकादमी में होम ग्राउंड पर प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके अमित दयाल और अर्श अली का भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की ओर से अंडर–18 इंटरनेशनल मलेशिया एक्सपोजर टूर के लिए चयन हुआ है।

अमित दयाल पुत्र रामराज यादव, निवासी चक हिनौता गांव, झूसी एवं अर्श अली पुत्र अख्तर अली, निवासी झूसी कोहना हैं। दोनों खिलाड़ी 2 दिसंबर से 10 दिसंबर तक मलेशिया में आयोजित दोस्ताना मैचों में हिस्सा लेंगे। इस दौरान वे कई देशों के खिलाड़ियों के साथ मैच खेलेंगे और हॉकी की बारीकियां सीखेंगे। टीम 30 तारीख को बेंगलुरु एयरपोर्ट से रवाना होगी।

दोनों खिलाड़ी कई राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर चुके हैं। अमित दयाल ने पहले हैदराबाद साईं में प्रशिक्षण लिया और वर्तमान में औरंगाबाद छब्ब साईं हॉस्टल में हैं। वहीं अर्श अली आर्मी बॉयज बेंगलुरु में रहे और वर्तमान में औरंगाबाद



छब्ब साईं हॉस्टल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। दोनों कोच गौरव जी के मार्गदर्शन में तैयारी कर रहे हैं।

इस मौके पर हॉकी प्रशिक्षक विजय सिंह ने भारतीय खेल प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश हॉकी का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विजय ग्रुप ऑफ झूसी हॉकी अकादमी में वर्षों से निःशुल्क हॉकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उनका मानना है कि खेल के माध्यम से बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो रहा है और जॉब के भी कई रास्ते खुल रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इससे पहले अली खान भारतीय जूनियर हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व कर कांस्य पदक जीत चुके हैं और वर्तमान में उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत हैं। वहीं झूसी के ही पीयूष दुबे ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता और पूर्व भारतीय हॉकी टीम के कोच रह चुके हैं। मोहम्मद तनवीर, अब्दुल कादिर जैसे खिलाड़ियों ने भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम कमाया है।

वर्तमान में झूसी त्रिवेणीपुरम हॉकी खेल ग्राउंड में 100 से अधिक बालक–बालिका प्रशिक्षण ले रहे हैं। चयन की खबर पर साथी खिलाड़ियों ने ढोल–ताशा बजाकर और एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

माघ मेले में गूंजेगी श्री सीताराम नाम की मंगल ध्वनि

श्री सीताराम मंदिर जबलपुर की ओर से लगेगा भव्य दिव्य सेवा शिविर

पूरे माघ मास शिविर में होगा पूजन, हवन, भण्डारा रू आचार्य दीपक महाराज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। सनातन धर्म, आध्यात्मिक चेतना एवं संत सेवा की पावन परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आगामी माघ मेला 2027 में तीर्थराज प्रयागराज की पवित्र धरती पर श्री सीताराम मंदिर, गौरीघाट, जबलपुर (मध्यप्रदेश) द्वारा भव्य दिव्य सेवा शिविर लगने जा रहा है। इस सेवा शिविर में पूरे माघ मास पर्यंत श्रद्धालुओं, कल्पवासियों एवं संत–महात्माओं के लिए निरंतर अन्न क्षेत्र एवं भंडारे का संचालन किया जाएगा। इसके साथ ही प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान, पूजन–अर्चन, हवन, सत्संग, कथा एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन का विशेष आकर्षण विशाल संत सम्मेलन होगा, जिसमें देश के विभिन्न क्षेत्रों से पधारने वाले संत–महात्माओं का सानिध्य एवं आशीर्वचन प्राप्त होगा।



शिविर के व्यवस्थापक आचार्य दीपक जी महाराज ने आज बताया कि माघ मेला भारतीय सनातन संस्कृति, श्रद्धा, तप, त्याग और सेवा का अद्भुत संगम है। इस पावन अवसर पर दूर – दराज से लाखों श्रद्धालु एवं कल्पवासी प्रयागराज पहुंचते हैं। ऐसे में संतों की सेवा, श्रद्धालुओं के लिए भोजन एवं धार्मिक आयोजनों की व्यवस्था करना ईश्वर की कृपा और सौभाग्य का विषय है।

आचार्य दीपक जी महाराज

ने बताया कि श्री सीताराम मंदिर परिवार का संकल्प है कि माघ मेले में आने वाले किसी भी श्रद्धालु एवं संत–महात्मा को सेवा और सत्कार की कमी महसूस न हो। इसी भावना के साथ मास पर्यंत सेवा, भक्ति और धर्म के इस महाअनुष्ठान को संपन्न किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह शिविर केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि नर सेवा, नारायण सेवा और संत सेवा के संकल्प को समर्पित एक आध्यात्मिक सेवा अभियान होगा।

दिव्यांग बच्चों को वितरित किए गए 352 सहायक उपकरण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। उच्च प्राथमिक विद्यालय हथिगहां में बुधवार को गंगापार क्षेत्र के दिव्यांग बच्चों के लिए सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित किया गया। इसमें 261 बच्चों को कुल 352 उपकरण वितरित किए गए। इनमें 18 ट्राईसाइकिल, 61 व्हीलचेयर, 3 सीपी चेयर, 3 ब्रेल किट, 124 टीएलएम किट, 3 सुगम्य केन, 82 हियरिंग एड और 29 बैसाखी शामिल हैं। विधायक गुरु प्रसाद



मौर्य ने कहा कि दिव्यांग बच्चों में अपार प्रतिभा और क्षमताएं हैं। उन्हें उचित अवसर, संसाधन और प्रोत्साहन देकर आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। बीएसए अनिल कुमार ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना और आत्मनिर्भर बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

जिला समन्वयक समेकित शिक्षा विकास पांडेय ने बताया कि सितंबर में आयोजित परीक्षण शिविर में चिन्हित बच्चों को एलिम्को कानपुर की तकनीकी टीम के सहयोग से उनकी आवश्यकता के अनुसार उपकरण दिए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य और बीएसए अनिल कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। आयोजन में पार्षद आरती मौर्य सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, विशेष शिक्षक, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

हाई स्पीड कार रात में पलटा, ड्राइवर का मौत घटना देर रात 11 का बताया जा रहा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

खीरी। प्रयागराज में थाना खीरी अंतर्गत पूरादत्तू ग्राम सभा में नारीबारी–कोराव मुख्य मार्ग पर मंगलवार को रात एक हाई स्पीड कार अचानक गड्ढे में जा गिरा जिससे कार चारों खाने चित हो गया।वहीं गाड़ी में मौजूद ड्राइवर जिसका मौके पर ही मौत हो गया। जिसकी सूचना खीरी पुलिस ने परिजनों को दिया।खीरी पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम भेज दिया। जानकारी के अनुसार खीरी थाना क्षेत्र के पुरादत्तू निवासी राहुल द्विवेदी उर्फ नौरंगीलाल28वर्ष पुत्र बलराम द्विवेदी जो कि पहले खीरी बाजार में मोबाइल शॉप चलाता था।उसकी शादी लगभग 6 वर्ष मेजा थाना क्षेत्र के भैया गांव में हुआ था।मंगलवार को देर शाम लगभग 5 बजे अपने घर से अपने 2 वर्षीय आरव व 5 वर्षीय अनंत के साथ पत्नी अर्चना देवी को ससुराल पहचाने गया था।उसके बाद कोरांव तहसील के सिमरिया गांव अपने ननिहाल भी गया।ननिहाल से वापस आते समय अपने घर के समीप ही तेज रफ्तार कार होने के कारण गाड़ी गड्ढे में जा गिरी।जिससे उसका मौके पर ही मौत हो गया। गस्त के दौरान खीरी पुलिस को चारों खाने चित गाड़ी दिखा तब कुछ अनहोनी का आशंका होने पर पुलिस घटनास्थल की ओर गई। जहां उसका डेड बॉडी पड़ा था।

खबर का असर : खागा डायग्नोस्टिक सेंटर प्रकरण में शासन सख्त, डिप्टी सीएम ने एक सप्ताह में मांगी जांच रिपोर्ट

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के दखल के बाद अपर निदेशक स्तर के अधिकारी करेंगे जांच

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। खागा स्थित डायग्नोस्टिक सेंटर में अनियमितताओं और पीसीपीएनडीटी अधिनियम के उल्लंघन का मामला अब शासन तक पहुंच गया है। प्रकाशित खबरों का संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को अपर निदेशक स्तर के अधिकारी से जांच कराकर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। इस बात को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट किया है। शासन की सख्ती के बाद जिले के स्वास्थ्य विभाग में हलचल तेज हो गई है।

दरअसल, 12 नवंबर को दोपहर 1रू39 बजे मुख्य चिकित्सा अधिकारी की टीम ने खागा डायग्नोस्टिक सेंटर का निरीक्षण किया था। इस दौरान अनुबंधित चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार मौके पर अनुपस्थित मिले, जबकि सेंटर पर तकनीकी सहायक द्वारा मरीजों का अल्ट्रासाउंड किए जाने की बात सामने आई थी। सीएमओ कार्यालय ने इसे पीसीपीएनडीटी अधिनियम–1994 के प्रावधानों का प्रथम दृष्टया उल्लंघन माना था। इसके बावजूद सेंटर को तत्काल सीज करने के बजाय संचालक को अभिलेख प्रस्तुत करने का समय दिए जाने पर स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई सवालों के घेरे में आ गई थी। मामले ने उस समय और गंभीर रूप ले लिया, जब सेंटर की अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट पर मृतक सोनोलॉजिस्ट के हस्ताक्षर होने संबंधी खबर प्रकाशित हुई। सवाल उठने लगे कि जब संबंधित चिकित्सक की मृत्यु हो चुकी थी या वो गैर मौजूद थे तो उनके हस्ताक्षर से रिपोर्ट कैसे जारी होती रहीं? रिपोर्ट तैयार करने और जारी करने की जिम्मेदारी किसकी थी? आखिर निरीक्षण में अनियमितताएं मिलने के बाद भी विभाग ने तत्काल कठोर कार्रवाई क्यों नहीं की? उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोशल मीडिया के माध्यम से मामले का संज्ञान लेते हुए स्पष्ट लिखा कि जनपद फतेहपुर में एक डायग्नोस्टिक सेंटर में अल्ट्रासाउंड की रिपोर्ट पर मृतक सोनोलॉजिस्ट के हस्ताक्षर किए जाने संबंधी समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए प्रकरण की गंभीरता के दृष्टिगत महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य को उक्त प्रकरण की जांच अपर निदेशक स्तर से कराकर एक सप्ताह में रिपोर्ट उपलब्ध कराए जाने के आदेश दिए गए हैं। सरकार की छवि धूमिल करने तथा अवैधानिक कार्य प्रणाली को कतई स्वीकार्य नहीं किया जाएगा, ऐसा करने वाले के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अब अपर निदेशक स्तर की जांच में सेंटर के संचालन, संदिग्ध रिपोर्टों और निरीक्षण के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा होगी। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या जांच की आंच केवल सेंटर संचालक तक पहुंचेगी या फिर कथित अनियमितताओं के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही भी तय होगी? जिले के लोगों की निगाहें अब शासन को सौंपी जाने वाली जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं।

बनास डेयरी ने 210 दुग्ध उत्पादकों को बांटे स्टील के दूध के बर्तन

पशुपालन और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने पर दिया जोर, विशेषज्ञों ने बताए बेहतर पशुपालन के तरीके

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुंशीगंज (अमेठी)। पशुपालकों को प्रोत्साहित करने और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को सरुवांवा में बनास डेयरी की ओर से दुग्ध उत्पादकों की साधारण सभा आयोजित की गई। इसमें क्षेत्र के 210 दुग्ध उत्पादकों को स्टील के दूध के बर्तन वितरित किए गए।



कार्यक्रम में गुजरात से आए डॉ. शैलेश और लखनऊ के डॉ. हेमेन्द्र गंगवार ने पशुपालकों को पशुओं की देखभाल, बेहतर पोषण और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने कहा कि पशुओं के स्वास्थ्य और खानपान पर विशेष ध्यान देकर दुग्ध उत्पादन में वृद्धि की जा सकती है। साथ ही पशुपालन को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर इसे अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है।

इस दौरान बनास डेयरी के मैनेजर ब्रजपाल, डॉ. अभिषेक कुमार और भूमिका चौहान मौजूद रहे। सभा के अध्यक्ष उदयभान सिंह उर्फ पिंटू और सचिव अमित ने अतिथियों का स्वागत किया। आयोजकों ने कहा कि बनास डेयरी की ओर से दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को बढ़ावा देने के साथ दुग्ध व्यवसाय को मजबूत बनाना है। स्टील के दूध के बर्तनों का वितरण भी इसी पहल का हिस्सा है।

जनगणना में स्वगणना और मतदाता पंजीकरण के लिए डीएम ने मांगा व्यापारियों का सहयोग

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में व्यापार बंधुओं के साथ



बैठक कर जनगणना और मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि जनगणना के द्वितीय चरण में नागरिक ऑनलाइन स्वगणना कर सकते हैं। व्यापारी स्वयं स्वगणना करने के साथ अपने संपर्क में आने वाले नागरिकों को भी इसके लिए जागरूक करें। डीएम ने विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण–2027 के तहत पात्र नागरिकों, विशेषकर 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। बैठक में उपायुक्त राज्यकर, उपायुक्त उद्योग, एआरटीओ, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सहित व्यापार बंधु मौजूद रहे।

जनसुनवाई में एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बुधवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं



को सुना। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने तथा प्रत्येक मामले में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। एसपी ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक देरी न हो और फरियादियों को समय से न्याय मिल सके, इसके लिए संबंधित अधिकारी प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं के समाधान और पुलिस व्यवस्था में जनविश्वास बनाए रखने पर जोर दिया।

जयपुरिया स्कूल के विद्यार्थी भी करेंगे यातायात नियमों के प्रति जागरूक

सड़क सुरक्षा पखवाड़े में विद्यार्थियों को दिलाई गई शपथ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में संभागीय परिवहन विभाग एवं त्रिवेणी संगम हाईवेज की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। विद्यालय के प्रिंसिपल जीपी मिश्रा ने कहा कि जयपुरिया स्कूल के विद्यार्थी अब स्वयं नियमों का पालन करने के साथ आमजन को भी यातायात के प्रति जागरूक करेंगे। वरिष्ठ सीएसआर मैनेजर वर्टिस इंफ्रास्ट्रक्चर एवं सड़क सुरक्षा अधिकारी फिरोज खान ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से सुरक्षित यातायात का संदेश घर–घर पहुंचाने की अपील की।

खागा डायग्नोस्टिक सेंटर के साथ मंथन हॉस्पिटल पर भी उठे सवाल

सीएमओ से शिकायत कर आठ बिंदुओं पर मांगा जवाब, बेसमेंट में अस्पताल संचालन और चिकित्सकों की डिग्री की जांच की मांग

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। खागा कस्बे के खागा डायग्नोस्टिक सेंटर में मिली अनियमितताओं के बाद अब पास में संचालित मंथन हॉस्पिटल भी सवालों के घेरे में है। शिकायतकर्ता ओंकार नाथ गौतम ने मंगलवार को सीएमओ को शिकायती पत्र देकर दोनों संस्थानों की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 12 नवंबर को सीएमओ के निरीक्षण के दौरान खागा डायग्नोस्टिक सेंटर में अनुबंधित चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार अनुपस्थित थे और तकनीकी सहायक



अल्ट्रासाउंड कर रहा था। इसके बावजूद सेंटर को सीज नहीं किया गया। शिकायतकर्ता ने सोनोलॉजिस्ट के हस्ताक्षर वाली अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट का सत्यापन कराने की भी मांग की है। वहीं, मंथन हॉस्पिटल के बेसमेंट में संचालन, पंजीकरण, अग्निशमन व्यवस्था, भवन सुरक्षा तथा उपचार करने वाले चिकित्सकों की डिग्री और मेडिकल रजिस्ट्रेशन की जांच कराने की मांग उठाई गई है। शिकायतकर्ता ने सीएमओ के पूर्व नोटिस को आधार बनाकर आठ बिंदुओं पर जवाब मांगा है। साथ ही जिलाधिकारी से हस्तक्षेप कर दोषियों और लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की अपील की है।

श्रीकृष्ण ने बाल लीलाओं के जरिए धर्म की मजबूती का दिया संदेश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। लालगंज नगर के सलेम भदारी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में बुधवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। कथाव्यास आचार्य राघव रामानुजाचार्य सुधाकर जी महराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की कथा बताते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण जी ने अपनी बाल लीलाओं के जरिए धर्म की मजबूती का संदेश दिया। कथाव्यास ने कहा कि बाल्यकाल में ही भगवान श्रीकृष्ण ने राक्षसों का वध किया। वहीं उन्होने माखन चोरी के जरिए प्रेम करूणा और भक्ति का महत्व समझाया। कथाव्यास ने कहा कि बाल्यकाल में ही श्रीकृष्ण ने कंस द्वारा भेजे गए अनेकों राक्षसों का संहार कर उन्हें मोक्ष प्रदान किया। ग्वाल बालों के साथ गाय चराने के दौरान कालिया नाग का मर्दन, गोवर्धन पर्वत को उंगली पर धारण कर बृजवासियों की सुरक्षा आदि के जरिए भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म का महत्व समझाया। मुख्य यजमान जगदीश प्रसाद तिवारी व निर्मला तिवारी ने वैदिक मंत्रोचार के बीच व्यासपीठ का पूजन किया। राजेन्द्र प्रसाद तिवारी व वीरेन्द्र प्रसाद तिवारी ने श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताया। इस मौके पर सुरेश तिवारी, अजय तिवारी, पवन, पंकज, मुकेश तिवारी, श्रीकांत मिश्र, नवीन शुक्ल, श्यामलाल, ओमप्रकाश जायसवाल, बृजेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

मेडिकल कॉलेज कौशांबी में एंटीमाइक्रोबियल ड्रग रेजिस्टेंस पर सेमिनार आयोजित

एंटीबायोटिक दवाओं के विवेकपूर्ण उपयोग एवं सुपरबग्स की रोकथाम पर दिया गया जोर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, कौशांबी के सूक्ष्मजीव विज्ञान एवं औषधि विज्ञान विभाग द्वारा 25 नवंबर,2026 को एंटीमाइक्रोबियल जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत एंटीमाइक्रोबियल ड्रग रेजिस्टेंस पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य एंटीबायोटिक दवाओं के अनावश्यक उपयोग से उत्पन्न दवा प्रतिरोध के खतरे के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. हरिओम कुमार सिंह ने कहा कि एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है। उन्होंने एंटीबायोटिक दवाओं के विवेकपूर्ण उपयोग, प्रभावी सरकारी नीतियों, संक्रमण नियंत्रण एवं एंटीबायोटिक उपयोग नियंत्रण कार्यक्रमों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने इस समस्या की रोकथाम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीक से संक्रमण की शीघ्र पहचान, दवा प्रतिरोध की निगरानी एवं उचित उपचार के चयन में मदद मिल सकती है।

सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग के सह–आचार्य डॉ. अरिदम चक्रवर्ती ने सुपरबग्स एवं वन हेल्थ विषय पर व्याख्यान देते हुए मानव, पशु एवं पर्यावरण के स्वास्थ्य को एक साथ ध्यान में रखने की आवश्यकता बताई। उन्होंने जीवाणु संवर्धन एवं औषधि संवेदनशीलता परीक्षण की उपयोगिता भी समझाई।

औषधि विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अतिक सिंह ने एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध की रोकथाम की रणनीतियों एवं एंटीबायोटिक उपयोग नियंत्रण कार्यक्रम पर व्याख्यान दिया।



उन्होंने उचित औषधि निर्धारण, सही मात्रा एवं निर्धारित अवधि तक दवाओं के सेवन पर जोर दिया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित चिकित्सा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने एंटीबायोटिक दवाओं का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने, बिना चिकित्सकीय परामर्श के इनका सेवन न करने तथा समाज में जागरूकता फैलाने की शपथ ली।

इस अवसर पर डीन एकेडमिक डॉ. शारदा सिंह, उप प्रधानाचार्य डॉ. सौरभ कृष्ण मिश्रा, आचार्य डॉ. सरस्वती जायसवाल यादव, डॉ. रविरंजन सिंह, डॉ. राकेश कुमार शुक्ला, डॉ. विकास कुमार, डॉ. आत्मिक सिंह, डॉ. धर्मेंद्र मिश्रा, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. शिवम बिश्नोई, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. नंदिनी राघव, अन्य संकाय सदस्य, वरिष्ठ एवं कनिष्ठ आवासीय चिकित्सक, प्रशिक्षु चिकित्सक तथा एमबीबीएस प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

किशनपुर के नेत्र शिविर में 500 मरीजों की हुई जांच, 95 मोतियाबिंद मरीज चित्रकूट भेजे गए

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। किशनपुर कस्बे में बुधवार को सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से विशाल निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मिश्र के आवास पर आयोजित शिविर में करीब 500 नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया। इसमें 200 से अधिक मरीजों को निशुल्क नजदीक के चश्मे तथा 100 से अधिक मरीजों को दवाएं वितरित की गईं। शिविर में जांच के बाद 95 मोतियाबिंद मरीजों को लेंस प्रत्यारोपण के लिए बसों के माध्यम से सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय, जानकीकुंड चित्रकूट भेजा गया। आयोजकों के अनुसार मरीजों के आने–जाने, ऑपरेशन, दवा, नाश्ता और भोजन की व्यवस्था निशुल्क रहेगी। ऑपरेशन के बाद मरीजों को वापस किशनपुर लाया जाएगा। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय किशनपुर और जूनियर हाईस्कूल किशनपुर के नेत्र पीड़ित छात्र–छात्राओं को भी निशुल्क चश्मे वितरित किए गए।

दो बाइकों की हुई आमने सामने टक्कर में तीन युवकों की मौत, कोहराम

एक ही गांव के निवासी हैं तीनों मृतक, गांव में मातम

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। दो बाइकों की आमने सामने हुई टक्कर में एक गांव के तीन युवकों की हुई मौत से परिवारों में कोहराम मचा है। वहीं घटना को लेकर गांव में भी मातम पसरा है। पीएम के बाद बुधवार को दो मृतकों के शव का परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं तीसरे मृतक के शव का अंतिम संस्कार आज गुरूवार को किया जाएगा। लीलापुर थाना क्षेत्र के पतुलकी पूरे पाण्डेय गांव निवासी चित्रभान सिंह उर्फ कल्लू, संदीप सिंह व आदित्य सिंह की बीती मंगलवार की रात दो बाइक की हुई टक्कर में मौत हो गयी। गांव निवासी चौवालिस वर्षीय चित्रभान सिंह उर्फ कल्लू पुत्र अमर सिंह बाइक से चौतीस वर्षीय संदीप सिंह उर्फ भूपेन्द्र पुत्र भारत सिंह के साथ मंगलवार की शाम करीब साढ़े सात बजे बाइक से सगरा बाजार से घर लौट रहा







था। उधर इसी गांव के उन्नीस वर्षीय आदित्य सिंह पुत्र त्रिलोचन सिंह, अनुराग सिंह 18 पुत्र दशरथ सिंह तथा सम्राट सिंह 14 पुत्र मनोज सिंह के साथ एक बाइक से सगरा सुंदरपुर बाजार आ रहा था। बेलखरियन का पुरवा के पास दोनों बाइकों की आमने सामने से जोरदार टक्कर हो गयी। दुर्घटना में चित्रभान सिंह व संदीप सिंह को ट्रामा सेंटर लालगंज में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जबकि आदित्य सिंह की स्वरूपरानी अस्पताल प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में मौत हो गयी। वहीं अन्य दोनों घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मचा है। गांव में भी मातम पसरा हुआ है। पीएम के बाद बुधवार को परिजनो ने श्रृंगवेरपुर में मृतक चित्रभान व संदीप सिंह के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। जबकि मृतक आदित्य सिंह के शव का अंतिम संस्कार आज गुरूवार को मुम्बई से उसके भाई के आने के बाद किया जाएगा। लीलापुर एसओ राधेश्याम का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

मतदाता जोड़ो अभियान के तहत बूथों पर पहुंचे विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाए

मीरजापुर। बुधवार को बूथ संख्या 348 व 349 गोल्हनपुर मंडल–सतेशगढ़ मड़िहान पूर्व मंत्री एवं मड़िहान विधायक रमाशंकर



सिंह पटेल ने बुथ पर बैठकर कुछ मतदाताओं के नाम बीएलओ के साथ नाम ऑनलाइन कराए गए। और बीएलओ से कहा कि सूची का पुनरीक्षण एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से छूटने न पाए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि जिन युवाओं की आयु 18 वर्ष पूरी हो चुकी है और उनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, ऐसे युवाओं को चिह्नित कर उनका पंजीकरण कराया जाए। इसी प्रकार विवाह के बाद गांव एवं क्षेत्र में आईं नवविवाहित महिलाओं, जिनका नाम संबंधित मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, तथा अन्य छूटे हुए पात्र मतदाताओं को भी सूची से जोड़ने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर बीएलओ आदर्श सिंह एवं सुजीत कुमार सिंह एवं ग्राम प्रधान इंस पटेल एवं सुनील केसरी, चंद्र मोहन सिंह अमित सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर बीएचयू ने दिया स्वस्थ समाज का संदेश, पोषण शिक्षा के साथ 45 लोगों ने रक्तदान कर पेश की मिसाल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी मिर्जापुर। दूध के पोषण महत्व से लेकर मानव सेवा के संकल्प तक, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, बरकच्छा में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर विविध कार्यक्रमों के



माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया गया। पशु पोषण विभाग एवं भारतीय डेयरी संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में रक्तदान शिविर विशेष आकर्षण रहा। इसमें 45 विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। श्वेत क्रांति के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को पौष्टिक आहार, दूध एवं दुग्ध उत्पादों के महत्व से परिचित कराना रहा। केंद्रीय हिंदू विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी, कविता, एक्शन सॉन्ग और दुग्ध उत्पादों की पहचान जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में प्रो. वीके मिश्रा, प्रो. बीएमएन कुमार और प्रो. अमित राज गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वस्थ जीवनशैली, डेयरी क्षेत्र के विकास और जनस्वास्थ्य में पोषण की भूमिका पर प्रकाश डाला। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। आयोजन डॉ. महिपाल चौबे के नेतृत्व में हुआ। भारतीय डेयरी संघ के पदाधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने सक्रिय सहयोग दिया।

सीटों के बंटवारे पर सपा-कांग्रेस में रार, रघु मिश्रा बोले- चुनाव से पहले ही दिखने लगी गठबंधन की दरार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर बढ़ती खींचतान ने विपक्षी गठबंधन की एकजुटता पर सवाल खड़े कर



दिए हैं। हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष रघु मिश्रा ने दोनों दलों के बीच जारी राजनीतिक खींचतान पर तंज कसते हुए कहा कि चुनाव से पहले ही गठबंधन में आपसी मतभेद और महत्वाकांक्षाओं की लड़ाई सामने आने लगी है। रघु मिश्रा ने कहा कि सीटों की संख्या, मजबूत विधानसभा क्षेत्रों पर दावेदारी और राजनीतिक वर्चस्व को लेकर सपा–कांग्रेस के बीच सहमति नहीं बन पाना विपक्ष के लिए चिंता का विषय है। शुरुआती बातचीत में कांग्रेस को 26 सीटें देने की चर्चा और दूसरी ओर समाजवादी पार्टी द्वारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश की पांच सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए जाने से गठबंधन की राजनीति में असमंजस बढ़ा है। उन्होंने कहा कि जब चुनाव से पहले ही सहयोगी दल एक–दूसरे के साथ तालमेल बनाने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं, तो चुनावी मैदान में एकजुटता का दावा कितना मजबूत रहेगा, यह विचारणीय है। जनता सब देख रही है। गठबंधन की सफलता केवल सीटों के समझौते से नहीं, बल्कि आपसी विश्वास और समन्वय से तय होती है।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने, यातायात व्यवस्था सुधारने और ब्लैक स्पॉट पर सुरक्षा के इंतजाम करने की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आपसी समन्वय से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रभावी कदम उठाएं। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में संकेतक, स्पीड लिमिट बोर्ड और सड़क चिह्नांकन कराया जाए। सड़कों से अवैध अतिक्रमण हटाने के साथ ही सड़क किनारे लगे पेड़ों और बिजली के खंभों



को हटाने के लिए संबंधित विभागों से समन्वय किया जाए।

उन्होंने अधिकारियों को 15 दिनों के भीतर सड़क दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौतों में कमी लाने के प्रयास करने के निर्देश दिए। टोल प्लाजा पर लाउडस्पीकर के माध्यम से खराब मौसम में तेज गति से वाहन न चलाने और यातायात नियमों के पालन के प्रति लोगों को जागरूक करने को कहा।

डीएम ने एनएच और लोक निर्माण विभाग को सड़कों के गड्ढों की मरम्मत जल्द और गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराने के निर्देश दिए। चील्ह से विंध्याचल मार्ग की सड़क और पटरी को ठीक कराने के लिए एनएच के अधिकारियों ने तीन दिनों के भीतर काम शुरू कराने की जानकारी दी। बैठक में एआरटीओ ने बताया कि जनपद के सभी स्कूली वाहनों का फिटनेस परीक्षण कर लिया गया है। 29 वाहनों का परीक्षण नहीं हुआ है, जो वर्तमान में संचालित नहीं हैं। इस पर डीएम ने इनकी जानकारी पोर्टल पर अपलोड कराने के निर्देश दिए। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक नगर योगेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अशोक कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राजेश्वर यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

मुख्य विकास अधिकारी ने किसान दिवस में कृषकों की सुनी समस्याएं

मीरजापुर । मुख्य विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन, पथरहिया, मीरजापुर आडिटोरियम में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के विकास खण्डों से आये हुए कृषकों के साथ–साथ कृषि, पशुपालन, उद्यान, सहकारिता, विद्युत, सिंचाई सहित कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित अन्य विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

उप कृषि निदेशक विकेश कुमार द्वारा किसान दिवस से सम्बन्धित पिछली कार्यवाही को पढ़कर सुनाया गया तथा उपस्थित किसानों की समस्याओं के समाधान के बारे में भी बताया गया।

श्याम लाल मौर्य, भा0कि0यू0 तहसील अध्यक्ष द्वारा अवगत कराया गया कि ग्रामसभा रैकल पो0 कन्हईपुर, तहसील मड़िहान में चकबन्दी प्रक्रिया चल रहा है। इसी ग्राम सभा में विवाहघर, मृत पशुओं को दफन करने तथा पशु अस्पताल की जगह चिन्हित करके छोड़ा जाए इससे ग्राम सभा के लोगों को बाहर नहीं जाना होगा। साथ ही इटवा से टांडाफाल सड़क पर एक–एक फीट का गड्ढा व पूरी सड़क तहस नहस है। इस सड़क का निर्माण से विद्यालय जाने वाले छात्राओं का हित होगा। उस रोड पर साइकिल भी चलाना मुश्किल है। नगर पालिका छुट्टा साड़ बथुआ के आस–पास व मंडी समिति का साड़ लोहंदी खुर्द व सीटी ब्लाक के आस–पास घुमते है। इसको गौशाला में भेजा जाए।



अरूण कुमार सिंह (मुन्ना), युवा जिलाध्यक्ष, भा0कि0यू0 टिकैत, मीरजापुर द्वारा बताया गया कि बरौधा राजवाहा से निकली 30 वर्षो से अधुरी रामपुर कामता माइनर को 3 किमी तक नहर की खुदाई कराकर मरम्मत पूर्ण कराया जाए।

बैठक परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 धर्मजीत सिंह, जिला कृषि अधिकारी डॉ अवधेश यादव, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी बी0के0 पाठक, ए0आर0 कोआपरेटिव, अग्रणी जिला प्रबन्धक व अन्य विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे अंबेडकर मूर्ति विकास कार्यों का शिलान्यास

मीरजापुर । जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने शासन के निर्देश के अनुपालन में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ0 भीम राव अम्बेडकर के विचारों, आदर्शों और सामाजिक न्याय के प्रति उनके योगदान को जन–जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से ''डॉ0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति विकास योजना'' संचालित की जा रही है। इस योजना के अन्तर्गत प्रदेश के विभिन्न जनपदों में चिन्हित स्थलों पर बाबा साहेब एवं राष्ट्रीय स्तर के समाज सुधारकोंध्महापुरुषों की प्रतिमाओं के नवीनीकरणध्सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी 26 नवम्बर, 2026 को ''संविधान दिवस'' के अवसर पर लोक भवन लखनऊ में मुख्यमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन पूर्वान्ह 10:00 बजे किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम के दौरान मा0 मुख्यमंत्री द्वारा ''डॉ0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति विकास योजना'' के अन्तर्गत सम्पूर्ण प्रदेश में कराये जा रहे विकास कार्यों का शिलान्यास किया जायेगा। अतएव उक्त आयोजन के सफल एवं भव्य क्रियान्वयन हेतु कार्यक्रम का आयोजन एवं समन्वय–कार्यक्रम का आयोजन जनपद के प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र से सम्बन्धित अधिकारियों को नामित कार्यदायी संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित करते हुये प्रत्येक मूर्ति विकास स्थल पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। सजीव प्रसारण (Live Telecast) की व्यवस्था–कार्यक्रम के दौरान कार्यदायी संस्था के साथ संयोजन कर प्रत्येक स्थल पर एक टी0वी0 अथवा एल0ई0डी0 स्क्रीन की सुव्यवस्थित व्यवस्था की जाय, जिस पर लोक भवन में आयोजित मा0 मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया जाय। शिलान्यास एवं पूजन कार्यक्रम–जिन मूर्ति स्थलों पर निर्माणधविकास कार्य अभी प्रारम्भ नहीं हुआ है वहाँ विधिवत शिलान्यास का कार्यक्रम तथा जिन स्थलों पर कार्य पूर्ण हो चुका है वहाँ पूजन का कार्यक्रम आयोजित कराया जाय। जनप्रतिनिधियों की सहभागिता–प्रत्येक स्थल पर क्षेत्रीयध्स्थानीय मा0 जनप्रतिनिधियों को ससम्मान आमंत्रित किया जाय तथा उनकी गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न कराया जाय। उक्त कार्य को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु अधिकारियोंध्कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।

मतदाता जोड़ो अभियान के तहत हर बूथ पर नए मतदाता जोड़ने का संकल्प

मीरजापुर। मतदाता जोड़ो अभियान के तहत बुधवार को भाजपा नगर मंडल पश्चिमी की महत्वपूर्ण बैठक सेमफोर्ड स्कूल छोटी बसही विद्यालय के सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष पश्चिमी नितिन विश्वकर्मा ने की।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल प्रभारी राम शिरोमणि मौर्य ने दायित्वधारी कार्यकर्ताओं से घर–घर संपर्क कर फार्म–6 के माध्यम से नए मतदाताओं को जोड़ने का आह्वान किया।

विधानसभा विस्तारक योगेंद्र नाथ ने कहा कि देवतुल्य कार्यकर्ताओं के दम और जनता जनार्दन के आशीर्वाद से योगी



सरकार हैट्रिक लगाने जा रही है।

अध्यक्षता करते हुए नगर अध्यक्ष नितिन विश्वकर्मा ने कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत तभी होगा, जब अपने बूथ की वोटर लिस्ट में नए मतदाताओं को जोड़ेंगे। मोदी–योगी सरकार में विकास की गंगा बह रही है। सबका साथ, सबका विकास हो रहा है। सपा सहित विपक्षी पार्टियां केवल जातिवाद का जहर घोलकर सत्ता पाना चाहती हैं।बैठक का संचालन मंडल महामंत्री कृष्ण कुमार सिंह ने किया।

बैठक में मंडल उपाध्यक्ष दीपा ऊमर, अजय रंजक, रूपेश यादव, सचिन जायसवाल, सूरज निषाद, संगीता मिश्रा, मंडल महामंत्री संतोष जायसवाल, मंडल मंत्री धीरज तिवारी, राहुल चंद्र जैन, पुनीत मिश्र, अमरेश सोनकर, सुंदरम सोनी, शक्तिकेंद्र संयोजक शिव कुमार शर्मा, उपकार मिश्रा, पंचम लाल यादव, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष गुलशन केशरी,बूथ अध्यक्षगण आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कला, साहित्य और संस्कारों के जरिए भारतीय पहचान को संवार रहीं डॉ. सी. दीपिका दास, नई पीढ़ी तक पहुंचा रहीं विरासत की धरोहर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। भारतीय संस्कृति और गौरवशाली विरासत को आने वाली पीढ़ियों से जोड़ने के लिए डॉ. सी. दीपिका दास ने रचनात्मकता के माध्यम से विशेष अभियान शुरू किया है। शिक्षा, साहित्य, चित्रकला और लघु वृत्तचित्रों के जरिए वे भारतीय सभ्यता, परंपराओं और मानवीय मूल्यों को संरक्षित करने में जुटी हैं। वर्ष 2000 से 2021 तक विद्यालय की प्रधानाचार्या रह चुकीं डॉ. दास का मानना है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों में संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करना भी है। उनकी 'जयभारत–भारत की संस्कृति' पहल

के अंतर्गत भारतीय इतिहास, लोककला, संगीत, भाषाओंऔर परंपराओं पर 29 लघु वृत्तचित्र तैयार किए गए हैं।साहित्य के क्षेत्र में उन्होंने कबीर की रचनाओं 'गंगा तरंग प्रवाह' और रामधारी सिंह दिनकर की प्रसिद्ध कृति 'रश्मिरथी' का अंग्रेजी अनुवाद किया है। बच्चों में नैतिक मूल्यों के विकास के लिए चार कॉमिक वीडियो भी तैयार किए हैं। इसके अतिरिक्त दस दुर्लभ एवं संकटग्रस्त वन्यजीवों पर आधारित मौलिक चित्रों के माध्यम से संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। उनकी पहल भारतीय विरासत, प्रकृति और संस्कारों को एक साथ नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास है।

राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर बीएचयू ने दिया स्वस्थ समाज का संदेश

पोषण शिक्षा के साथ 45 लोगों ने रक्तदान कर पेश की मिसाल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी/मिर्जापुर। दूध के पोषण महत्व से लेकर मानव सेवा के संकल्प तक, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, बरकच्छा में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर विविध कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया गया। पशु पोषण विभाग एवं भारतीय डेयरी संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में रक्तदान शिविर विशेष आकर्षण रहा। इसमें 45 विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। श्वेत क्रांति के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को पौष्टिक आहार, दूध एवं दुग्ध उत्पादों के महत्व से परिचित कराना रहा। केंद्रीय हिंदू विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी, कविता, एक्शन सॉन्ग और दुग्ध उत्पादों की पहचान जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में प्रो. वीके मिश्रा, प्रो. बीएमएन कुमार और प्रो. अमित राज गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वस्थ जीवनशैली, डेयरी क्षेत्र के विकास और जनस्वास्थ्य में पोषण की भूमिका पर प्रकाश डाला। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। आयोजन डॉ. महिपाल चौबे के नेतृत्व में हुआ। भारतीय डेयरी संघ के पदाधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने सक्रिय सहयोग दिया। भारतीय डेयरी संघ के पदाधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने सक्रिय सहयोग दिया।

भदोही में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा की जानकारी दी

मिशन शक्ति अभियान के तहत कानूनी अधिकार, सरकारी योजनाएं और हेल्पलाइन नंबर बताए

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। भदोही में बुधवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। अभियान जिले के बाजारों, स्कूल–कॉलेजों के आसपास और सार्वजनिक जगहों पर चलाया गया।



पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल की निगरानी में अभियान चलाया जा रहा है। इसमें सभी थानों की एंटी रोमियो टीमें, महिला बीट अधिकारी और चौकियां शामिल हुईं।

पुलिस टीमों ने महिलाओं और बालिकाओं से बातचीत की। उन्हें छेड़छाड़, फब्तियां कसने, उत्पीड़न और साइबर अपराधों से सतर्क रहने के साथ बचाव के तरीके बताए गए। पुलिसकर्मियों ने बालिकाओं से कहा कि वे बिना डर या संकोच के अपनी बात साझा कर सकती हैं।

अभियान में उत्तर प्रदेश सरकार की महिला सशक्तीकरण योजनाओं, पॉक्सो एक्ट, महिला अधिकारों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी दी गई। आपात स्थिति में मदद के लिए 1090 (वीमेन पावर लाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) और 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) के इस्तेमाल का तरीका बताया गया। जागरूकता पर्चे भी बांटे गए। भदोही पुलिस ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, गरिमा और स्वावलंबन के लिए अभियान जारी रहेगा।

महिला आयोग की सदस्य ने भदोही में 6 शिकायतें सुनीं

जनसुनवाई में 5 का निस्तारणय स्कूल, आंगनबाड़ी और केंद्रों का निरीक्षण किया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात ने बुधवार को भदोही में कई संस्थानों का निरीक्षण किया। जनसुनवाई में महिलाओं की 6 शिकायतें सुनीं, जिनमें से 5 का निस्तारण किया गया। नीलम प्रभात ने वर्डवर्ड स्कूल, भदोहीय फत्तुपुर के आंगनबाड़ी केंद्रय सुरियावां के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयय वन स्टॉप सेंटर, भदोही और विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरण का निरीक्षण किया।

विद्यालयों में उन्होंने छात्राओं से पढ़ाई, सुरक्षा, साफ–सफाई और छात्रावास की व्यवस्था के बारे में पूछा। आंगनबाड़ी केंद्र में पोषाहार और टीकाकरण की जानकारी ली।

वन स्टॉप सेंटर में पीड़ित महिलाओं को मिलने वाली मदद, काउंसलिंग और कानूनी सहायता के बारे में जाना। दत्तक ग्रहण केंद्र में बच्चों की देखभाल और रहन–सहन का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद हुई जनसुनवाई में महिलाओं ने अपनी समस्याएं बताईं। नीलम प्रभात ने संबंधित अधिकारियों को इनके जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान सरकार की प्राथमिकता है। इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी शत्रुघ्न कन्नौजिया, आबकारी अधिकारी सोनी चौरसिया, 1098 भदोही से आनंद मौर्या, शिव शंकर मौर्या और आलोक दुबे मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक
फिरदौस फातिमा
मो.9451721210
UPHIN/2015/61843
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

यूपी पुलिस में बड़ा फेरबदल, 10 आईपीएस और 18 पीपीएस अफसरों के तबादले, लखनऊ–आगरा समेत इन जिलों में नई तैनाती

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में बुधवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। शासन ने 10 ट्रेनी आईपीएस और 18 पीपीएस अफसरों के तबादले किए हैं। शासन की ओर से जारी लिस्ट के मुताबिक कई अधिकारियों को अलग–अलग जिलों और पुलिस कमिश्नरेट में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। तबादला सूची के मुताबिक, पुनीत द्विवेदी को एडीसीपी लखनऊ बनाया गया है। वहीं, नीतू को एडीसीपी नोएडा पुलिस कमिश्नरेट और शिवा सिंह को एडीसीपी आगरा पुलिस कमिश्नरेट में तैनाती दी गई है। इन 10 ट्रेनी आईपीएस अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी पुनीत द्विवेदी एडीसीपी, लखनऊ, नीतू एडीसीपी, नोएडा पुलिस कमिश्नरेट,शिवा सिंह एडीसीपी, आगरा पुलिस कमिश्नरेट, अमित कुमावत एडीसीपी, गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट, किरन यादव एएसपी, एएनटीएफ मुख्यालय, पुष्कर पीपीएस अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी कुमार रणविजय सिंह अपर पुलिस अधीक्षक (नगर), जनपद मुरादाबाद,अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण),




वर्मा एएसपी, फतेहगढ़,आदित्य एएसपी ग्रामीण, बदायूं, शैव्या गोयल एडीसीपी, गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट, भौरें दीक्षा अरुण एएसपी, पीटीएस मेरठ, मॉविश टॉक एडीसीपी, लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट, इन 18 जनपद आजमगढ़ अनूप कुमार अपर पुलिस अधीक्षक, जनपद मऊ अपर पुलिस अधीक्षक, जनपद सोनभद्र, देवेन्द्र सिंह उपसेनानायक, 39वीं वाहिनी पीएसी, मीरजापुर,अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), जनपद शाहजहांपुर, इन्दुप्रभा सिंह अपर पुलिस अधीक्षक, ए०सी०ओ० मुख्यालय लखनऊ से कमिश्नरेट कानपुरनगर के पद पर स्थानान्तरणाधीन अपर पुलिस उपायुक्त, कमिश्नरेट लखनऊ, अतुल कुमार चौबे अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात), जनपद मुजफ्फरनगर अपर पुलिस अधीक्षक (सुरक्षा), जनपद मथुरा, ममता कुरील अपर पुलिस अधीक्षक (अपराध), जनपद अलीगढ़ अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात), जनपद मुजफ्फरनगर, गिरीश कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक, जनपद फतेहगढ़ अपर पुलिस अधीक्षक (अपराध), जनपद अलीगढ़, पीयूष कुमार सिंह अपर पुलिस उपायुक्त, कमिश्नरेट गाजियाबाद अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), जनपद मैनपुरी, अभिषेक तिवारी अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), जनपद मैनपुरी अपर पुलिस अधीक्षक (नगर), जनपद मुरादाबाद,नितिन कुमार सिंह उपसेनानायक, 49वीं वाहिनी पीएसी, गौतमबुद्धनगर अपर पुलिस अधीक्षक, पी०टी०एस० मुरादाबाद,अपर पुलिस अधीक्षक, ए०टी०एस० लखनऊ उपसेनानायक, 49वीं वाहिनी पीएसी, गौतमबुद्धनगर, नवीना शुक्ला अपर पुलिस अधीक्षक (आपरेशन), ए०एन०टी०एफ० उ०प्र० लखनऊ अपर पुलिस अधीक्षक, ए०सी०ओ० मुख्यालय उ०प्र० लखनऊ, नवीन कुमार सिंह अपर पुलिस उपायुक्त, कमिश्नरेट लखनऊ अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस महानिदेशक के स्टाफ ऑफिसर, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ०प्र० लखनऊ, विभा सिंह अपर पुलिस अधीक्षक, पी०टी०एस०, मेरठ उपसेनानायक, 06वीं वाहिनी पीएसी, मेरठ,राघवेन्द्र कुमार मिश्रा उपसेनानायक, 06वीं वाहिनी पीएसी, मेरठ उपसेनानायक, 05वीं वाहिनी एस०एस०एफ०, सहारनपुर, अरूण कुमार सिंह– प्अपर पुलिस अधीक्षक, यातायात निदेशालय, लखनऊ अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात), जनपद आजमगढ़,डा0 ह्रदेश कठेरिया,अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), जनपद बदायूं अपर पुलिस अधीक्षक, यातायात निदेशालय, उ०प्र० लखनऊ पंकज कुमार श्रीवास्तव अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात), जनपद आजमगढ़।

ओवैसी–चंद्रशेखर की जोड़ी से घबराए अखिलेश, सपा की पहली लिस्ट पर मंत्री ओम प्रकाश राजभर का तीखा हमला

लखनऊ, संवाददाता। समाजवादी पार्टी की ओर से जारी उम्मीदवारों की पहली लिस्ट पर यूपी सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस से गठबंधन अभी फाइनल नहीं हुआ और अखिलेश यादव ने जल्दबाजी में उम्मीदवार भी घोषित कर दिए। उन्होंने पूछा कि यह कांग्रेस के बड़के भैया को जवाब है या एम वाले इमरान भाई को। राजभर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अखिलेश यादव ओवैसी और चंद्रशेखर की जोड़ी देखकर इतना घबरा गए हैं कि उन्होंने पहली लिस्ट में पांच में से चार मुस्लिम उम्मीदवार घोषित कर दिए। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव एक तरफ कांग्रेस को 26 सीटों का संदेश दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस की पसंद वाली सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर रहे हैं। अखिलेश यादव में गठबंधन बचाने की चिंता और अपना राजनीतिक समीकरण बचाने की बेचैनी दोनों साफ दिख रहे हैं। राजभर ने कहा कि कांग्रेस को भी इस पर ध्यान देना चाहिए कि कैसे अखिलेश बातचीत के बीच एक–एक करके उसकी पसंद की सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित करते जा रहे हैं। ओम प्रकाश राजभर ने सपा की पहली सूची में मुस्लिम उम्मीदवारों की संख्या को लेकर भी अखिलेश पर निशाना साधा। राजभर ने सवाल उठाया कि ओवैसी और चंद्रशेखर की रैली से पहले चार मुस्लिम उम्मीदवारों की घोषणा संयोग है या मुस्लिम वोटों में सेंध लगने का डर। राजभर ने कहा कि अखिलेश ने टिकट तो पांच ही घोषित किए हैं, लेकिन उनकी घबराहट पूरी 403 सीटों वाली दिखाई दे रही है।

सीएम योगी का सपा–कांग्रेस गठबंधन पर बड़ा हमला, बोले– नतीजे से पहले ही फेल हो चुके हैं दो लड़के

लखनऊ, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा–कांग्रेस के दो लड़के परिणाम आने के बाद नहीं, इस बार परिणाम से पहले ही विफल हो चुके हैं। लखनऊ में एक निजी चौनल के कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि एक तरफ सीट बंटवारे पर बैठकें चल रही हैं, दूसरी तरफ प्रत्याशी घोषित हो रहे हैं। इससे बड़ा अपमान क्या होगा। दोनों दल एक–दूसरे को शह–मात देने में लगे हैं। एनडीए पूरी तरह एकजुट है। निषाद पार्टी, सुभासपा समेत सभी सहयोगी मिलकर चुनाव लड़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में परिवारवाद का दौर खत्म हो चुका है। 2017 से पहले यूपी बीमारू, गुंडागर्दी और



अराजकता का प्रतीक था। आज प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन है। उन्होंने कहा कि, तीन गुना बजट और प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है। प्रदेश में 60 फीसदी एक्सप्रेसवे, 7 शहरों में मेट्रो, 17 एयरपोर्ट जिनमें 5 अंतरराष्ट्रीय हैं, सबसे बड़ा रेल नेटवर्क और देश की पहली रैपिड रेल है। औद्योगिक विकास का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि जहां पहले कट्टा–बम बनते थे, वहां अब ब्रह्मोस मिसाइल, रिवॉल्वर और आधुनिक राइफल बन रही है। देश के 55 फीसदी मोबाइल और 60 फीसदी इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट यूपी में बन रहे हैं। 50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए हैं। ओडीओपी से 3.25 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है। कानून–व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि महिला और व्यापारी की सुरक्षा सर्वोपरि है। गलत निगाह वालों के लिए दो ही रास्ते हैं– जेल या जहन्नुम। रामलला दर्शन पर उन्होंने कहा कि अयोध्या जाना अच्छी बात है, लेकिन सपा को रामभक्तों से माफी मांगनी चाहिए। 90 के दशक में गोलीकांड की गलती स्वीकार करनी चाहिए। भाजपा का वोट बैंक हर राष्ट्रवादी नागरिक है। रैपिड फायर में उन्होंने भारत को वर्ल्ड स्पिरिचुअल पावर हाउस, यूपी को अनलिमिटेड पोटेंशियल, बुलडोजर को प्रदेश की स्ट्रेंथ बताया। अखिलेश के पीडीए को परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी और राहुल गांधी को नाकाम रॉकेट कहा जो हर बार लॉन्च होते ही फेल हो जाता है।

सीट बंटवारे पर कांग्रेस का सपा को अल्टीमेटम, राजेंद्र पाल गौतम बोले सम्मानजनक हिस्सेदारी मिले, तीन अंकों से कम मंजूर नहीं

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर सीटों के बंटवारे पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच तनाव गहरा गया है। सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद के बाद अब उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने सपा के रुख पर कड़ी नाराजगी जताई है। लखनऊ में प्रस्तावित संविधान बचाओ यात्रा की तैयारियों के बीच जुटे कांग्रेस नेताओं ने साफ कर दिया कि गठबंधन सम्मानजनक शर्तों पर ही होगा और सीटों की संख्या तीन अंकों (100 या उससे अधिक) से कम स्वीकार नहीं की जाएगी। राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि जब दोनों दलों के बीच सीटों की संख्या पर बातचीत चल रही है, तो उससे पहले सपा की ओर से पांच उम्मीदवारों के नाम घोषित करना गैर–जिम्मेदाराना रवैया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में सपा को ऐसी घोषणा से बचना चाहिए था। गौतम ने कहा कि दोनों दलों के बीच 403 विधानसभा सीटों को लेकर चर्चा जारी है और सहमति बनने के बाद ही स्थिति स्पष्ट करने की बात तय हुई थी। उन्होंने कहा कि 26 सीटों की बात को लेकर कोई आधिकारिक चर्चा नहीं हुई है। गठबंधन की शर्तों को लेकर राजेंद्र पाल गौतम ने दो टूक कहा कि कांग्रेस सपा के साथ गठबंधन चाहती है, लेकिन यह सम्मान के साथ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में तानाशाही नहीं चलती और सीटों के बंटवारे में बात केवल तीन अंकों में ही बनेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि सपा वास्तव में गठबंधन करना चाहती है या नहीं। सांसद इमरान मसूद की नाराजगी पर प्रतिक्रिया देते हुए राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि उनका गुस्सा स्वाभाविक है। उन्होंने बताया कि मसूद उस क्षेत्र से सांसद हैं, जहां से सपा ने प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया है, साथ ही वे सीटों और उम्मीदवारों के नाम तय करने वाली कांग्रेस की पांच सदस्यीय कमेटी के सदस्य भी हैं।

इंडी गठबंधन का चौप्टर क्लोज है, सपा–कांग्रेस जनता पर बोझ है : पंकज चौधरी

लखनऊ, संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि इंडी गठबंधन का चौप्टर क्लोज है, सपा–कांग्रेस जनता पर बोझ है। गठबंधन में दलों के बीच न प्रदेश के विकास को लेकर कोई दृष्टि है और न ही जनता के हितों को लेकर कोई साझा एजेंडा। उनकी पूरी राजनीति सत्ता की हिस्सेदारी, परिवारवाद और निजी स्वार्थों के इर्द–गिर्द सिमटकर रह गई है।श्री चौधरी ने कहा कि सपा और कांग्रेस की राजनीति में जनहित की जगह लूट, विकास की जगह बंटवारा और जनसेवा की जगह परिवारवाद ने ले ली है। गठबंधन में सम्मानजनक स्थान की बात नहीं, राजनीतिक बंदरबांट की चिंता है। सरकार बनाने की रणनीति नहीं, अपने–अपने परिवार और निजी हितों को सुरक्षित रखने की कवायद है। एडजस्टमेंट और एकमोडेशन के नाम पर केवल राजनीतिक सेटलमेंट की कोशिशें हो रही हैं।उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन में शामिल दलों के बीच आपसी विश्वास और समन्वय का अभाव है। जो दल चुनाव से पहले ही सीटों, नेतृत्व और हिस्सेदारी को लेकर एकमत नहीं हो पा रहे, वे जनता के सामने साझा विकास का रोडमैप कैसे रखेंगे?

शिया पी.जी. कालेज में डिजीशक्ति योजना के अन्तर्गत टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन

लखनऊ, संवाददाता। शिया पी.जी. कालेज, लखनऊ में आज स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना डिजीशक्ति के अन्तर्गत टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर वरिष्ठ आई0ए0एस0 अधिकारी, अमित कुमार घोष, अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा शामिल हुए। अमित कुमार घोष ने बच्चों को अपने हाथों से टैबलेट वितरित किए और उनको अपने उद्बोधन से वर्तमान चुनौतियों का मुकाबला करने की सीख दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए अमित कुमार घोष ने शिया कालेज के गौरवशाली इतिहास की सराहना की। उन्होनें अपने उद्बोधन की शुरुआत स्वामी विवेकानन्द के उदाहरण से की और बोला कि यह टैबलेट वितरण योजना स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना है, इसका नामकरण स्वामी विवेकानन्द के नाम पर इसलिए किया गया क्योंकि स्वामी विवेकानन्द ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा से पूरी दुनिया को अपना लोहा मनवाया है। श्री घोष ने छात्र–छात्राओं से कहा कि भारत के विकास की रफ्तार काफी अच्छी है और देष की जी0डी0पी0 के साथ–साथ प्रति व्यक्ति आय में भी बढ़ोत्तरी हो रही है। उन्होंने आगे कहा अमेरिका और चीन जैसे देशों ने ए0आई0 के अध्ययन को अपने स्कूली पाठ्यक्रमों में शामिल कर लिया है। हमें भी इस दिषा में सकारात्मक कदम उठाने होंगे, क्योंकि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से रोजगारों के स्वरूप में अभूतपूर्व बदलाव आ रहा है, इसलिए युवाओं को अपने को तैयार करना होगा कि वह इन चुनौतियों का मुकाबला करते हुए पैदा हो रहे नए अवसरों का लाभ उठा सकें। उन्होंने अपने उद्बोधन के अंत में तीन बातें कहते हुए छात्र–छात्राओं को उनको अमल में लाने का सुक्षाव दिया। पहला–निरंतर सीखते रहना और सीखने की ललक को बनाए रखना, दूसरा–समय के साथ बदलती तकनीक के प्रति अपनी समझ विकसित करना और नई तकनीक को आत्मसात करना और तीसरा–समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व और राष्ट्र प्रेम को सदा बनाए रखना। अमित कुमार बोस के सम्बोधन से पूर्व कार्यक्रम को आल इण्डिया पर्सनल ला बोर्ड के महासचिव, मौलाना यासूब अब्बास ने भी सम्बोधित किया और उन्होंने डिजीषक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत टैबलेट वितरण के सरकारी प्रयास की सराहना की और उम्मीद जतायी कि बच्चें इस योजना का लाभ उठाते हुए इस टैबलेट को अपने अध्ययन में एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में अपनाएंगे। कार्यक्रम का संचालन डा0 प्रदीप शर्मा ने किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 सै0 शबीहे रजा बाकरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम की शुरूआत में प्रो0 सादिक हुसैन आबिदी इंचार्ज विधि संकाय, प्रो0 टी0एस0 नकवी, इंचार्ज विज्ञान संकाय व प्रो0 मेंहदी अब्बास जैदी, इंचार्ज कला संकाय एवं उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक महासंघ (फुपुक्टा) के संयुक्त सचिव, डा0 अमित कुमार राय ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्य अतिथि महोदय का स्वागत किया। प्रो0 एम0एम0 अबु तैय्यब, निदेषक सेल्फ–फाइनेन्स तथा डा0 एम0 एम0 एजाज अब्बास, वित्त अधिकारी शिया पी0 जी0 कालेज ने मुख्य अतिथि अमित कुमार घोष को स्मृति चिन्ह व शाल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं, शिक्षणेत्तर कर्मचारी व भारी तादाद में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

मांगों को लेकर किसानों ने 1090 चौराहे पर प्रदर्शन किया

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी में गन्ने का मूल्य 600 रुपए प्रति क्विंटल करने समेत पांच मांगों को लेकर बुधवार को किसानों ने 1090 चौराहे पर प्रदर्शन किया। आजाद भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में जुटे किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन में महिलाएं भी शामिल हुईं। किसानों ने खाद की बढ़ती कीमतों और फसलों का उचित भाव नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। मांगें पूरी नहीं होने पर विधानसभा और मुख्यमंत्री आवास घेरने की चेतावनी दी। आजाद भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने कहा कि गन्ने का मूल्य 600 रुपए प्रति क्विंटल किया जाए। एनपीके खाद की कीमत 2450



रुपए है। इसे कम किया जाए। महंगी खाद के कारण किसान खेती से पीछे हट रहे हैं। आलू की फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा। लागत निकालना मुश्किल हो गया है। बाराबंकी के लालजी यादव ने कहा कि गन्ने का मूल्य 500 से बढ़ाकर 600 रुपए किया जाए। चीनी महंगी हो रही है, लेकिन किसानों को फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा। यूरिया, डीएपी और एनपीके की कीमतें 2200 रुपए से अधिक हैं। धान का भाव 2200 रुपए प्रति क्विंटल भी नहीं मिल रहा। मांगें पूरी नहीं हुईं तो प्रदेश और देशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। केके यादव गुड्डू ने कहा कि आलू किसानों को फसल का भुगतान नहीं मिला है। कोल्ड स्टोर संचालक आलू निकालने के लिए नोटिस दे रहे हैं। भुगतान नहीं करने पर मुकदमे की धमकी दी जा रही है। किसानों को जरूरत के समय यूरिया और डीएपी भी नहीं मिलती। खाद के लिए लाइन लगानी पड़ती है। कई जगह किसानों को लाठियां तक खानी पड़ती हैं। डॉ. पुष्पा चौधरी ने कहा कि किसान पूरे देश का पेट भरता है, लेकिन उसे ही सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। खेती की लागत बढ़ रही है।

संक्षिप्त

हल्की धुंध के बीच मौसम साफ,पछुआ हवाओं ने बढ़ाई ठंड

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी में पछुआ हवाओं के असर से ठंड बढ़ने लगी है। बुधवार सुबह हल्की धुंध के बीच मौसम साफ रहा। दिन में धूप निकली, लेकिन पछुआ हवाओं के चलते उसकी तपिश कम रही। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 2 से 3 दिनों में दिन और रात के तापमान में 1 से 2 डिग्री की गिरावट आने के आसार हैं। इससे सुबह और रात में ठंड बढ़ेगी। बुधवार को अधिकतम तापमान 27 और न्यूनतम 17 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। शहर का एक्यूआई 198 दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश के तराई समेत कुछ इलाकों में सुबह हल्का से मध्यम कोहरा छा सकता है। हालांकि, दिन चढ़ने के साथ कोहरा छंट जाएगा और मौसम साफ रहेगा। वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, ठंडी पछुआ हवाओं के चलते अगले 2–3 दिनों में तापमान में गिरावट होगी। इससे सुबह और रात के समय ठंड का असर बढ़ेगा। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, चक्रवात अकवान के प्रभाव से हवाओं का पैटर्न बदल गया था। उत्तर–पश्चिम से आने वाली ठंडी और सूखी हवाओं की जगह पूर्व दिशा से गर्म और नमी वाली हवाएं चलने लगी थीं। इससे रात के तापमान में बढ़ोतरी हुई थी। अब चक्रवात कमजोर पड़ने के बाद बंगाल की खाड़ी से आने वाली हवाओं की जगह हिमालयी क्षेत्र से उत्तर–पश्चिमी हवाएं चल रही हैं। इससे तापमान में गिरावट शुरू हो गई है और ठंड लौट रही है।

वंचित समाज को सत्ता और निर्णय प्रक्रिया में उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग

लखनऊ, संवाददाता। संविधान लागू होने के बाद देश में अलग–अलग जाति, धर्म और वर्ग के लोग प्रधानमंत्री बने, लेकिन दलित समाज से अब तक कोई प्रधानमंत्री क्यों नहीं बना? भारतीय संविधान सम्मान समिति ने संविधान दिवस पर यह सवाल उठाया। बुधवार को प्रेसवार्ता में समिति ने सामाजिक न्याय, समान अधिकार और राजनीतिक भागीदारी को लेकर चर्चा की। वंचित समाज को सत्ता और निर्णय प्रक्रिया में उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग की। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने संविधान के जरिए नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता और मौलिक अधिकार दिए। इसके बावजूद वंचित समाज को अब तक पूरा सामाजिक न्याय नहीं मिला। इन मुद्दों पर देशव्यापी चर्चा और समाधान की जरूरत है। समिति ने बताया कि वह कई वर्षों से भारतीय संविधान संदेश अभियान चला रही है। इसका उद्देश्य संविधान के अधिकारों और सम्राट अशोक की शासन व्यवस्था के संदेश को जन–जन तक पहुंचाना है। संगठन समृद्ध और संपन्न भारत के निर्माण में योगदान देने की बात कह रहा है। प्रेसवार्ता में भारतीय नट समाज उत्थान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष दानिश अखवी आंबेडकर का स्वागत किया गया। वक्ताओं ने संविधान का संदेश देशभर में पहुंचाने के उनके संकल्प की सराहना की। समिति के मुताबिक, संस्थापक भंते अमरबोधि की कार्यनीति को राष्ट्रीय अध्यक्ष बौद्धमती विमला देवी के नेतृत्व में आगे बढ़ाया जाएगा। सामाजिक न्याय, संवैधानिक अधिकार और वंचित वर्गों की राजनीतिक भागीदारी के मुद्दे राष्ट्रीय स्तर पर उठाए जाएंगे।

युवक का शव घर के छज्जे से साड़ी के सहारे लटका मिला

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी के मोहनलालगंज के फुलवरिया गांव में बुधवार सुबह 27 साल के युवक का शव घर के छज्जे से साड़ी के सहारे लटका मिला। मां ने सबसे पहले शव देखा। इसके बाद शोर मचाकर परिजनों और ग्रामीणों को जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। मृतक की पहचान फुलवरिया निवासी पंकज कन्नौजिया, पुत्र हनुमान प्रसाद के रूप में हुई है। पंकज मुंबई में रहकर जीन्स की कंपनी में काम करता था। वह तीन–चार दिन पहले ही घर लौटा था। बुधवार सुबह करीब 6 बजे पुलिस को घटना की सूचना मिली। वह चार भाइयों में सबसे छोटा और अविवाहित था। उपनिरीक्षक अरुण कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू की। युवक की मौत की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बाबा बागेश्वर ने सीएम से की मुलाकात

लखनऊ, संवाददाता। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुलाकात करीब एक घंटे चली। धीरेंद्र शास्त्री ने मुलाकात के दौरान सीएम योगी की मां के निधन पर शोक व्यक्त किया। सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करने पहुंचे बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि हिंदुओं के, राष्ट्र के, संतों के और प्रत्येक समाज वर्ग को लेकर चलने वाले मुख्यमंत्री, जो साधु के साथ सेवा, सनातन संस्कृति और राष्ट्र के लिए जीते हैं। उनकी पूजनीय माताजी का गोलोक गमन हुआ है। इस हेतु पुष्पांजलि अर्पित करने, श्रद्धांजलि अर्पित करने हम पहुंचे हैं। धन्य है ऐसी मां, मुख्यमंत्री की मैया, जो ऐसा सपूत जाया, जो राम और राष्ट्र दोनों को साथ लेकर देश की उन्नति और उत्तर प्रदेश की प्रगति में कार्य कर रहे हैं, तो बाबाजी के पास हम इसीलिए दंडवत करने आए थे। उनकी माताजी के देवलोक गमन होने पर श्रद्धांजलि अर्पित करने आए थे।यूपी में पंडित धीरेंद्र शास्त्री की कथा कई जगहों पर होनी है। गोंडा 4 से 6 दिसंबर तक कटरा से भाजपा विधायक बावन सिंह कथा का आयोजन करवा रहे हैं।झांसी 11 से 13 दिसंबर तक हनुमंत कथा भाजपा विधायक रवि शर्मा करवा रहे हैं।वृंदावन 15 से 19 दिसंबर के बीच कथा होने वाली है।लखनऊ भाजपा विधायक राजेश्वर सिंह 21 से 25 दिसंबर तक पंच दिवसीय श्री हनमंत कथा करवा रहे हैं और आगरा में 27 से 29 दिसंबर तक श्री हनुमंत कथा होगी।

बीजेपी आज मनायेगी संविधान दिवस, शामिल होंगे ज्योतिरादित्य सिंधिया

लखनऊ, संवाददाता। बीजेपी 26 नवम्बर को संविधान गौरव दिवस मनाएगी। लखनऊ के भागीदारी भवन में गुरूवार को संविधान गौरव दिवस के तहत जनसंवाद कार्यक्रम होगा। भाजपा प्रदेश के जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के योगदान का स्मरण करते हुए कृतज्ञ नमन करेगी।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित हुआ जन-जागरूकता कार्यक्रम

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर। शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन, कुशीनगर के तत्वावधान में सेंट ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, कुशीनगर में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन के डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर नलिन सिंह ने की।



कार्यक्रम में नलिन सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए उनकी पात्रता एवं लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड एवं वृद्धावस्था पेंशन सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लाभार्थियों से इनका लाभ उठाने की अपील की।

इस अवसर पर जेंडर स्पेशलिस्ट श्रीमती प्रीति सिंह ने महिला एवं बाल सुरक्षा से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके उपयोग के बारे में बताया। उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वन स्टॉप सेंटर 181, महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112 तथा एंबुलेंस सेवा 108 एवं 102 के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।वहीं, श्रीमती वंदना कुशवाहा ने बाल विवाह एवं दहेज प्रथा पर चर्चा करते हुए इनके सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक दुष्परिणामों से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता को आवश्यक बताया।

कार्यक्रम के दौरान विभागीय योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों से संबंधित पंपलेट वितरित किए गए तथा उपस्थित लोगों से स्वयं जागरूक होने के साथ ही अन्य लोगों को भी जागरूक करने और पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करने की अपील की गई।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक विजय कुमार मिश्र, फैकल्टी विभाग से विभाकर मिश्रा, जूनियर फैकल्टी से दुर्गेश मिश्र, कार्यालय सहायक पवन कुमार एवं पवन कुशवाहा तथा ट्रेनर चन्द्रशेखर मिश्र सहित सैकड़ों की संख्या में प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन नलिन सिंह द्वारा उपस्थित लोगों को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ दिलाकर किया गया।

सांसद विजय कुमार दुबे ने किया नौरंगिया में वृहद रोजगार मेले का शुभारंभ, 219 युवाओं का हुआ चयन

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत राजेश मणि इंटर कॉलेज, नौरंगिया, विधानसभा क्षेत्र खड्डा के परिसर में जिला सेवायोजन कार्यालय, कुशीनगर एवं मॉडल करियर सेंटर, कुशीनगर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

रोजगार मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न कंपनियों में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए तथा परिसर में स्थापित कंपनियों के स्टॉलों का निरीक्षण कर उनकी कार्यप्रणाली एवं उपलब्ध रोजगार के अवसरों की जानकारी प्राप्त की।

रोजगार मेले में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, अशोक लेलैंड, हिंडाल्को, स्वतंत्र माइक्रोफिन लिमिटेड, एलएंडटी फाइनेंस, उत्कर्ष फाइनेंस बैंक, वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड सहित कुल 15 कंपनियों ने प्रतिभाग किया। इन कंपनियों द्वारा रोडवेज संविदा चालक, ब्लॉक ऑफिसर, फील्ड ऑफिसर, ट्रेनी क्रेडिट ऑफिसर, लोन ऑफिसर एवं स्पिनिंग ऑपरेटर सहित विभिन्न पदों पर अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया।

इस रोजगार मेले में कुल 456 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार के उपरांत 219 अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों के लिए प्रारंभिक चयन किया गया। रोजगार मेले के माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिला।

कार्यक्रम में प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष एवं राजेश मणि इंटर कॉलेज के प्रबंधक संतोष मणि त्रिपाठी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दुर्गेश वर्मा, रामानुज मिश्रा, धर्मेंद्र राय, उमा शंकर, मंडल अध्यक्ष संदीप श्रीवास्तव, महामंत्री राजेश्वर सिंह, मंडल उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, मंडल मंत्री अभिषेक कुशवाहा, जिला आईटीआई सह संयोजक प्रदीप सिंह तथा राजेश मणि इंटर कॉलेज, नौरंगिया के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्तिक पूर्णिमा स्नान को जा रही महिला को तेज रफ्तार बाइक ने रौंदा, इलाज के दौरान मौत; मुकदमा दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

बढ़नी (सिद्धार्थनगर)। ढेबरुआ थाना क्षेत्र के संसरी रोड पर कार्तिक पूर्णिमा पर्व के अवसर पर सनन करने जा रही एक महिला को तेज रफ्तार व अनियंत्रित बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दुखद मौत हो गई। घटना के बाद मृतका के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।



ग्राम जमधरा पोस्ट ढेकहरी बुजुर्ग निवासी पारस यादव पुत्र स्वर्गीय रामनरायन यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार भोर करीब पांच बजे उनकी पतनी मानमती देवी कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर चरगहवां घाट पर सनन करने के लिए पैदल घर से निकली थीं। जैसे ही वह संसरी रोड पर कलू चौहान के घर के सामने पहुंचीं, पीछे से तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते हुए आ रहे ढेकहरी बुजुर्ग निवासी कुलदीप साहू पुत्र रामनेवास साहू ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मानमती देवी सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गईं।

मौके पर मौजूद संसरी निवासी संजय कुमार पुत्र दिलीप कुमार और सुशीला निषाद पुत्री सजनू निषाद ने घटना देख तत्काल परिजनों को सूचना दी। आनन-फानन में ग्रामीणों की मदद से घायल महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया।

बुधवार को मृतका के पति पारस यादव ने ढेबरुआ थाने पहुंचकर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ लिखित तहरीर दी और सख्त कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में ढेबरुआ थानाध्यक्ष चंद्रकांत पांडेय ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर आरोपी चालक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की विधिक जांच व अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

भारत-नेपाल सैन्य मैत्री को नई धार; रुपन्देही के सालझंडी में संयुक्त युद्धाभ्यास 'सूर्यकिरण' का 20वां संस्करण शुरू

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर। भारत और नेपाल के बीच रक्षा सहयोग, सामरिक समन्वय और सदियों पुराने मैत्रीपूर्ण संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बुधवार को संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सूर्यकिरण' के 20वें संस्करण का विधिवत आगाज हो गया। सीमा से सटे नेपाल के रुपन्देही जिले के सालझंडी स्थित नेपाली सैनिक बैटल स्कूल में आयोजित भव्य समारोह के दौरान मध्य पश्चिम पृतना मुख्यालय के पृतनापति उपरथी पूर्ण बहादुर खत्री ने इस अभ्यास का शुभारंभ किया।



दोनों पड़ोसी देशों की बटालियन स्तर की जांबाज सैन्य टुकड़ियां इस महत्वपूर्ण संयुक्त युद्धाभ्यास में हिस्सा ले रही हैं, जो आगामी आठ दिसंबर तक चलेगा। वर्ष 2010 से भारत और नेपाल में बारी-बारी से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली इस वार्षिक श्रृंखला के तहत पिछला 19वां संस्करण भारत के पिथौरागढ़ में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ था।

अभ्यास के दौरान दोनों देशों के जवान मुख्य रूप से आपदा प्रबंधन, दुर्गम जंगलों में युद्धकला (जंगल वारफेयर), आतंकवाद विरोधी अभियानों और मानवीय सहायता व राहत कार्यों जैसे संवेदनशील विषयों पर गहन सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। नेपाली सेना के अधिकारियों के अनुसार, इस साझा मंच पर दोनों सेनाओं के जवान एक-दूसरे की आधुनिक रणनीतियों, जमीनी अनुभवों और पेशेवर कार्यकुशलता का आदान-प्रदान करेंगे। नेपाली सेना का मानना है कि ऐसे संयुक्त अभ्यासों से न केवल दोनों देशों के बीच पारस्परिक विश्वास और मित्रता प्रगाढ़ होती है, बल्कि किसी भी आपातकालीन या चुनौतीपूर्ण स्थिति से मिलकर निपटने के लिए सैनिकों की सामरिक दक्षता और आपसी समझ भी नई ऊंचाइयों पर पहुंचती है।

बढ़नी में सार्वजनिक खलिहान की भूमि पर अवैध निर्माण का आरोप; एसडीएम ने फिलहाल रुकवाया काम, ईओ से तलब की रिपोर्ट

प्रातःकाल एक्सप्रेस

बढ़नी (सिद्धार्थनगर)। नगर पंचायत बढ़नी के वार्ड नंबर एक अंबेडकर नगर स्थित सार्वजनिक उपयोग की खलिहान भूमि पर कब्जा कर निर्माण कराए जाने का मामला सामने आया है। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय निवासी घनश्याम पुत्र सुक्खा ने उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ को लिखित प्रार्थना पत्र सौंपकर निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने और सुरक्षित भूमि को कब्जामुक्त कराने की गुहार लगाई है।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि ग्राम मुडि़ला शहरी स्थित गाटा संख्या 195 की कुल 0.3830 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में स्पष्ट रूप से खलिहान के खाते में दर्ज है। इसके बावजूद नगर पंचायत की ओर से इस सार्वजनिक भूमि पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। शिकायतकर्ता के अनुसार ग्रामीण पीढि़यों से इस जगह का उपयोग फसल सुखाने, भूसा रखने और अन्य आवश्यक कृषि कार्यों के लिए करते आ रहे हैं। यदि यहां पक्का निर्माण हो गया तो खलिहान का अस्तित्व पूरी तरह समाप्त हो जाएगा, जिससे स्थानीय किसानों और ग्रामीणों के समक्ष गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा।

मामले में निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग पर उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ रवीश गुप्ता ने त्वरित संज्ञान लिया है। एसडीएम ने बताया कि प्रकरण की वास्तविक स्थिति जानने के लिए अधिशासी अधिकारी (ईओ) बढ़नी से आख्या तलब की गई है। क्षेत्र में किसी भी प्रकार का विवाद या शांति भंग न हो, इसे देखते हुए एहतियातन मौके पर चल रहे निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रुकवा दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईओ की जांच रिपोर्ट का अवलोकन करने के पश्चात नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

सैनिकों की समस्याएं सुनने को 27 को होगी 'जिला सैनिक बंधु' की बैठक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर। जनपद के सेवारत सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों तथा दिवंगत सैनिकों की पतिन्यों व आश्रितों की लंबित समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रशासन ने पहल की है। आगामी 27 नवंबर को अपराह्न तीन बजे कलेक्ट्रेट सभागार में 'जिला सैनिक बंधु' की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा नामित अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) नौगढ़ की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में सैनिक परिवारों की विभिन्न शिकायतों को सुनकर उनका मौके पर ही निस्तारण कराने का प्रयास किया जाएगा।

जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कैप्टन (भारतीय नौसेना, अवकाश प्राप्त) नरेश शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बैठक के लिए सात प्रमुख बिंदुओं का एजेंडा तय किया गया है। इसमें मुख्य रूप से सैनिक परिवारों के भूमि विवाद संबंधी मामले, पुलिस सुरक्षा से जुड़ी समस्याएं, बैंक से ऋण लेने में आ रही अड़चनें, पेंशन संबंधी प्रकरण, बच्चों की शिक्षा, चिकित्सा सुविधा तथा आर्थिक अनुदान से जुड़े विषयों पर गंभीरता से विचार-विमर्श कर समाधान निकाला जाएगा। उन्होंने जनपद के समस्त सेवारत व पूर्व सैनिकों तथा आश्रितों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं से संबंधित आवश्यक अभिलेखों के साथ निर्धारित समय पर कलेक्ट्रेट सभागार में पहुंचकर इस मंच का लाभ उठाएं।

किसान दिवस में किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुन सीडीओ ने दिए समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर।कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में माह नवंबर, 2026 के किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक के प्रारंभ में उप कृषि निदेशक द्वारा विगत किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की प्रगति आख्या प्रस्तुत की गई।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित किसानों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी किसान को अपनी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें।किसान दिवस में खाद एवं बीज की उपलब्धता, सिंचाई व्यवस्था तथा कृषि कार्यों में आ रही कठिनाइयों पर विस्तार से चर्चा की गई। किसानों द्वारा गन्ने से संबंधित समस्याओं, नहरों एवं नलकूपों के संचालन, बोरिंग तथा विद्युत आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं के प्रभावी समाधान के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों से अपील की कि वे फसल अवशेष एवं पराली को खेतों में न जलाएं, बल्कि उसका



वैज्ञानिक विधि से प्रबंधन करें, जिससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति एवं पर्यावरण की गुणवत्ता बनी रहे। उन्होंने पराली के उचित प्रबंधन एवं बिक्री की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

इस अवसर पर जिला गनन अधिकारी द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से गन्ने की उन्नत खेती, वैज्ञानिक विधि से गनन बुवाई तथा फसल अवशेष प्रबंधन की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि गन्ने की सूखी पत्तियों को खेत में जलाने के बजाय मिट्टी में मिलाकर जैविक खाद के रूप में उपयोग करना चाहिए। इससे मिट्टी की उर्वरता एवं जैविक कार्बन में वृद्धि होती है।जिला गनन अधिकारी ने फार्म मशीनरी बैंक के माध्यम से किसानों को किराये पर उपलब्ध कराए जाने वाले आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि किसान अपनी आवश्यकता के अनुसार निर्धारित किराये पर मल्चर, रिवर्सिबल एम.बी. प्लाऊ, ट्रैक्टर, सीड ड्रिल, पावर स्प्रेयर, सिंगल रो कल्टीवेटर, ट्रेंच ओपनर एवं आर.एम.डी. सहित विभिन्न कृषि यंत्र प्राप्त कर सकते हैं।प्रस्तुतीकरण के दौरान किसानों को जनपद की चीनी मिलों द्वारा पेराई सत्र 2025-26 में गनन आपूर्ति, गनन मूल्य भुगतान एवं अवशेष भुगतान की स्थिति से भी अवगत कराया गया।बैठक में उप कृषि निदेशक, जिला गनन अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक, अधिशासी अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड, अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए किसान उपस्थित रहे।

नवजात शिशु को मारने की नीयत से निर्जन स्थान में फेंकने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर। दिनांक 17.09.2026 को समय सुबह 5: 25 बजे कॉलर की सूचना पर पीआरवी-5455 मौके पर पहुंची, तो पता चला कि ग्राम-किथुरा, थाना-श्रीदत्तगंज के एक धान के खेत में अनुमानितः 01 दिन का नवजात शिशु सफेद कपड़े में लिपटा



हुआ मिला, शिशु की स्थिति अत्यन्त दयनीय व मलिन थी व उसके मुँह में कपड़ा ठूँसा गया था । मानवीय संवेदनाओं के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक बलरामपुर की पीआरवी टीम के का0 सुशान्त तिवारी व चालक हो0गा0 विजय सिंह द्वारा तत्काल शिशु को बासुरक्षित धान के बीच खेत से निकालकर सरकारी वाहन से अस्पताल पहुंचाया गया था। तदोपरांत संयुक्त चिकित्सालय बलरामपुर महिला प्रसव वार्ड में ले जाकर समुचित चिकित्सकीय उपचार कराया गया था। यदि समय से नवजात को बचाया न गया होता तो शायद उसकी मृत्यु हो जाती। वर्तमान में बच्ची कुशल स्थिति में है। जिसके संबंध में वादी श्री राममिलन पुत्र रामदास (ग्राम चौकीदार) उम्र करीब 56 वर्ष निवासी ग्राम किठुरा गनन्डीह थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर की तहरीर के अनुसार गाँव की एक लड़की है जो कि गर्भवती थी और पिछले एक-दो महीने से गाँव में नहीं रह रही थी। दिनांक 16/09/2026 की रात्रि में गाँव के कुछ लोगो ने उसे और उसकी माँ को एक नवजात बच्चे के साथ घर जाते देखा था। कुछ लोगो ने उनसे बच्चे के सम्बन्ध में पूछा तो उन लोगो ने कोई जवाब नहीं दिया और घर चले गये। लेकिन अब न तो वो लड़की गर्भवती है और न ही उसके घर में कोई नवजात बच्चा है। मुझे पूरा भरोसा है कि वह नवजात बच्ची उसी लड़की की ही थी जिसे धान के खेत में फेंक दिया गया था। उक्त तहरीरी सूचना के आधार पर थाना श्रीदत्तगंज पर मु0अ0सं0 105/2026 धारा 93/109ँए किया गया था। थाना श्रीदत्तगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 105/2026 धारा 93,109,61(2)ँए से सम्बन्धित अभियुक्त साजन पुत्र रईस निवासी ग्राम पुरैनिया तलाब थाना कोतवाली नगर जनपद बलरामपुर को ग्राम पुरैनिया तलाब थाना कोतवाली नगर जनपद बलरामपुर गोण्डा मार्ग पर पुलिस लाइन की तरफ जियो पेट्रोल पम्प के पास से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय बलरामपुर रवाना किया गया ।

उल्लेखनीय है कि उक्त प्रकरण से संबंधित 02 महिला अभियुक्ता को दिनांक 02.10.2026 को ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। उक्त घटना का आपराधिक षड्यंत्र रचने वाला अभियुक्त साजन पुत्र रईस उपरोक्त घटना के बाद से ही फरार चल रहा था।

गूंजी डिग्री कॉलेज की मांग; शिक्षाविदों ने कहा- उच्च शिक्षा के बिना अधूरा है क्षेत्र का विकास

प्रातःकाल एक्सप्रेस

बढ़नी (सिद्धार्थनगर)। सीमावर्ती क्षेत्र बढ़नी में उच्च शिक्षा की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को संवारने की दिशा में एक सार्थक पहल की गई। नेशनल अड्डा रिसर्च कंसल्टेंसी के बैनर तले बढ़नी सुपर मार्केट में 'शिक्षा पर विशेष परिचर्चा' का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें पूरे क्षेत्र में एक अदद डिग्री कॉलेज की स्थापना की मांग सबसे प्रमुखता से उठी और इसे जनआंदोलन बनाने का संकल्प लिया गया।

परिचर्चा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बढ़नी और आसपास के ग्रामीण इलाकों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए करीब 20 किलोमीटर दूर तक जाना पड़ता है। संसाधनों की कमी और आवागमन की असुविधा के कारण सबसे ज्यादा परेशानी छात्राओं को झेलनी पड़ती है, जिससे कई होनहार बेटियां बीच में ही पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि बढ़नी में डिग्री कॉलेज की स्थापना अब समय की सबसे बड़ी जरूरत बन चुकी है और इस मांग को शासन-प्रशासन व संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों तक मजबूती से पहुंचाने के लिए सामूहिक प्रयास तेज करने होंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता डॉ. मसीहुद्दीन खान ने कहा कि केवल किताबी ज्ञान काफी नहीं है, बल्कि शिक्षा के साथ-साथ बेहतर प्रशिक्षण और संस्कार भी बेहद जरूरी है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि आज इस पिछड़े और सीमावर्ती क्षेत्र



में उच्च शिक्षा की सख्त आवश्यकता है, जिसके लिए केवल सरकार के भरोसे बैठने के बजाय समाज को खुद जागरूक होकर अपनी जिम्मेदारियां निभानी होंगी। वहीं, कार्यक्रम का अत्यंत कुशल और प्रभावशाली संचालन नेशनल एडिटर इंजीनियर जियाउल हक ने किया, जो इस पूरे कार्यक्रम के कन्वेनर भी रहे। उपस्थित बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों और शिक्षाविदों ने उनके बेहतरीन संचालन और इस दूरदर्शी पहल की मुक्तकण्ठ से तारीफ करते हुए कहा कि अपने बैनर तले इस तरह का वैचारिक मंच सजाकर उन्होंने क्षेत्र के युवाओं की सबसे ज्वलंत समस्या को आवाज दी है, जो अत्यंत सराहनीय और अनुकरणीय है।

परिचर्चा के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों की उच्च शिक्षा तक आसान पहुंच, ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों की उपलब्धता और युवाओं के करियर निर्माण जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से मंथन हुआ। निष्कर्ष यह निकला कि डिग्री कॉलेज की स्थापना केवल एक भवन का निर्माण नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक उत्थान की आधारशिला साबित होगी, जिसके लिए निरंतर संवाद का सिलसिला जारी रखा जाएगा। इस महत्वपूर्ण परिचर्चा में बदरे आलम, एडवोकेट कलीम अहमद, बाबा मोहम्मद इब्राहिम, सभासद निजाम अहमद, वरिष्ठ पत्रकार सगीर खाकसार, वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल कुद्दूश, शिव उपाध्याय, मास्टर वसीम खान, डॉ. मोईन खान, डॉ. आमिर खान, एडवोकेट मसरूर आलम, एडवोकेट जमीरुल हक, मसूद खान, जावेद आलम, मास्टर सलाहुद्दीन, मास्टर मुस्तफा, अलाउद्दीन खान, अबूबकर,अब्दुल हमीद और नूर आलम सिद्दीकी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी अलकेश सकलेचा का फूलमालाओं से हुआ भव्य स्वागत



प्रातःकाल एक्सप्रेस

जसवंतनगर/इटावा। नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी अलकेश सकलेचा का जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ एवं अटेवा के पदाधिकारियों ने बीआरसी कार्यालय पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की तथा फूलमालाओं से उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। सकलेचा पूर्व में भी जसवंतनगर क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। ऐसे में उनकी पुनः तैनाती पर शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने प्रसनन्ता व्यक्त करते हुए गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने की अपेक्षा जताई। भेंटवार्ता के दौरान क्षेत्र के विद्यालयों की शैक्षिक गतिविधियों, शिक्षकों से जुड़े विभिनन विषयों तथा शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लेकर चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि श्री सकलेचा के कुशल मार्गदर्शन एवं सहयोग से क्षेत्र में शैक्षिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी तथा शिक्षकों और विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। इस मौके पर राजेश जादौन, अमरपाल यादव, मंजू यादव, अभिलाषा पांडेय, अतुल यादव, मोहम्मद जफर, मुहम्मद फुरखान, जितेंद्र यादव, अरविंद कुमार, हरी कुमार, प्रमोद कुशवाह, श्रीकृष्ण, सुधीर कुमार, योगेश कुमार, राजेश कुमार एवं ब्रजेन्द्र सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने उनके सफल कार्यकाल एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

ग्राम पंचायत में खुलेआम पानी की बर्बादी, जिम्मेदारों की अनदेखी से ग्रामीणों में रोष

प्रातःकाल एक्सप्रेस



औरैया। एक ओर जहां पेयजल संकट को लेकर जल संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है, वहीं दूसरी ओर विकास खंड अजीतमल के ग्राम पंचायत बीघेपुर में पानी की खुलेआम बर्बादी हो रही है। सार्वजनिक जलापूर्ति व्यवस्था से लगातार पानी बहने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में कई स्थानों पर पाइपलाइन, टोंटियों अथवा जलापूर्ति व्यवस्था में खराबी के कारण पानी अनावश्यक रूप से बहता रहता है। काफी मात्रा में स्वच्छ पानी नालियों और रास्तों में बहकर बर्बाद हो रहा है। पानी बहने से रास्तों पर कीचड़ और जलभराव की स्थिति बन रही है। ग्रामीणों के अनुसार कई बार जिम्मेदारों को जानकारी दी गई, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं कराया गया। शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने से समस्या लगातार बनी हुई है। यदि समय रहते लीकेज और खराब टोंटियों की मरम्मत करा दी जाए तो बड़ी मात्रा में पानी बचाया जा सकता है।ग्रामीणों ने प्रशासन और ग्राम पंचायत से मांग की है कि जलापूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण कराकर जहां-जहां रिसाव हो रहा है, उसे तत्काल बंद कराया जाए। साथ ही खराब टोंटियों और पाइपलाइनों की मरम्मत कराकर पानी की बर्बादी रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

डीएम ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक, 28-29 नवंबर को बूथों पर चलेगा विशेष अभियान



प्रातःकाल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी। मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने के लिए चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 को लेकर डीएम अंजनी कुमार सिंह ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने दलों से अभियान में सक्रिय सहयोग और पात्र युवाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने की अपील की। बैठक में बताया गया कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर आलेख्य निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 17 नवंबर 2026 को हो चुका है। 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक दावे-आपत्तियां ली जा रही है। 18 वर्ष पूरे करने वालों के लिए फॉर्म-6, नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 और संशोधन के लिए फॉर्म-8 भरा जाएगा। 28 और 29 नवंबर को बूथों पर विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक युवाओं का पंजीकरण कराया जाएगा। डीएम ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर बीएलए नियुक्त कर सूची उपलब्ध कराने को कहा। बैठक का संचालन एडीएम बृजेश कुमार त्रिपाठी ने किया।

अब फोन पर मिलेगी निर्वाचन संबंधी हर जानकारी, टोल फ्री नंबर 1950 पर करें कॉल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी। मतदाता सूची, संशोधन और वोटर आईडी से जुड़ी समस्याओं के लिए अब कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय में डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर (डीसीसी) स्थापित किया गया है।

यहां टोल फ्री नंबर 1950, फोन नंबर 05872-271127 और टोल फ्री नंबर 1800-180-1950 पर कॉल कर जानकारी और शिकायत दर्ज करा सकते हैं। सेंटर सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। डीसीसी से फॉर्म-6, फॉर्म-8, मतदाता सूची में नाम खोजने, मतदान केंद्र, बूथ, वोटर आईडी, बीएलओ से शिकायत,



वोटर हेल्पलाइन ऐप और मतदाता पोर्टल की जानकारी मिलेगी। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 में भी यह सेंटर मददगार होगा।

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने जनपदवासियों से इस सुविधा का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की।

इकदिल थाना प्रभारी विक्रम सिंह चौहान को भावुक माहौल में दी गई विदाई



प्रातः काल एक्सप्रेस

इकदिल, इटावा। थाना इकदिल में थाना प्रभारी विक्रम सिंह चौहान के स्थानांतरण पर भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में पुलिसकमिर्यों, गणमान्य नागरिकों और क्षेत्रीय लोगों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। विदाई के दौरान माहौल उस समय भावुक हो गया, जब लोगों ने उन्हें फूल-मालाओं से सम्मानित कर उनके साथ बिताए पलों को याद किया। विक्रम सिंह चौहान ने थाना इकदिल में 2 वर्ष 2 दिन तक अपनी सेवाएं दीं। अपने कार्यकाल में उन्होंने सरल व्यवहार, मिलनसार व्यक्तित्व और बेहतर कार्यशैली से लोगों के बीच अलग पहचान बनाई। उनका कार्यकाल निर्विवाद रहा। यही वजह रही कि उनके स्थानांतरण की खबर से क्षेत्र के लोगों में मायूसी दिखाई दी ।समारोह में वक्ताओं ने कहा कि कुछ अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के साथ-साथ अपने व्यवहार से भी लोगों के दिलों में जगह बना लेते है। विक्रम सिंह चौहान उन्हीं में से एक है। उन्होंने थाना प्रभारी के रूप में जनता और पुलिस के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखा। अब उनका स्थानांतरण औरैया जनपद में हो गया है। समारोह में मौजूद लोगों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदाई के समय हर किसी की जुबां पर उनके कार्यकाल और मिलनसार व्यवहार की चर्चा रही। विदाई कार्यक्रम में नगर क्षेत्र के गणमान्य लोग सहित संख्या में शुभचिंतक व थाना स्टाफ मौजूद रहा ।

संविधान दिवस के कार्यक्रम को लेकर छात्राओं को किया जागरूक

प्रातः काल एक्सप्रेस



जसवंतनगर/इटावा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष माननीय जनपद न्यायाधीश एवं सचिव माननीय जज आरती द्विवेदी के निर्देशानुसार संविधान दिवस के उपलक्ष्य में 26 नवंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर 25 नवंबर को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जसवंतनगर में छात्राओं को जागरूक किया गया। इस दौरान छात्राओं को भारतीय संविधान के महत्व, मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी दी गई। छात्राओं को संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली निबंध, भाषण, पुस्तक वाचन एवं रंगोली प्रतियोगिताओं के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अधिकार मित्र लालमन ने कहा कि भारतीय संविधान देश के प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान करता है। वहीं अधिकार मित्र राजेंद्र सिंह ने छात्राओं को संविधान के प्रति सम्मान रखने तथा अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रज्ञा सिंह, अध्यापिका ज्योत्सना यादव, सहित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवर और नकदी उड़ाने वाले चार गिरफ्तार, सुनार भी शामिल

प्रातःकाल एक्सप्रेस



इटावा। फ्रेंड्स कॉलोनी में मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवर व नकदी चोरी करने वाले 3 अभियुक्त व 1 अभियुक्ता सहित चोरी का माल खरीदने वाले सुनार को पुलिस ने गिरफ्तार किया। कब्जे से 35.850 ग्राम सोने व 541 ग्राम चांदी के आभूषण, 2,32,000 रुपये नकद व 1 स्विफ्ट कार (कुल कीमत करीब 12 लाख रुपये) बरामद की गई। वादिनी सीमा देवी निवासी प्रकाश नगर, मेहरा चुंगी के घर से अज्ञात चोरों ने पीछे के दरवाजे का ताला तोड़कर अलमारी से जेवर व नकदी चुराई थी। सूचना पर पुलिस ने देशरमऊ रोड हाईवे अंडरपास के पास खंडहर के निकट घेराबंदी कर कार में बैठे अभियुक्तों को पकड़ा।पूछताछ में पता चला कि पूजा ने अपने पड़ोसी सीमा के घर में रखे जेवरों की जानकारी गौतम यादव को दी थी। इसके बाद गौतम, आसिफ मंसूरी व पूजा ने मिलकर चोरी की। चोरी के जेवर राम वर्मा (सुनार) व आगरा के माही ज्वैलर्स के विजय माने को बेचे गए। राम वर्मा ने जेवर गला दिए थे। विजय माने की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत है।

सराहनीय कार्य पर एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस टीम को 25,000 रुपये से पुरस्कृत किया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

प्रातः काल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शालिनी प्रभाकर ने आज कार्यालय कक्ष में अर्हता तिथि 01.01.2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के विभिनन गतिविधियों के संबंध में जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया कि दिनांक 28.11.2026 एवं 29.11.2026 को विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जायेगा। इस अभियान के अन्तर्गत छुटे हुये पात्र मतदाताओं का नाम सम्मिलित कराने की कार्यवाही करायी जायेगी। बैठक में दीपक दर्जी समाजवादी पार्टी, हेमन्त कुमार रावत ईण्डियन नेशनल कांग्रेस एवं सत्यम केसरवानी भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

अलग-अलग मामलों में पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा

गांव में मारपीट,घरेलू विवाद और शराब पीकर झगड़ा करने के मामलों में पुलिस ने की कार्रवाई

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अजीतमल कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग मामलों में आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170 के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय भेज दिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस ने विभिनन विवादों में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में बरवाई गांव निवासी मोहन सिंह (32) को पड़ोसी से मारपीट, शेखूपुर निवासी मुनेश कुमार (28) को गाली-गलौज व मारपीट, मलगवां निवासी सूरज सिंह उर्फ लकी (19) को शराब पीकर झगड़ा करने के मामले में पकड़ा गया। इसके अलावा पूर्वा उम्मेद निवासी अंशु कुमार (18) और मुरादगंज निवासी महावीर सिंह (33) को घरेलू विवाद, सैंगनपुड़ा निवासी रवि (24) को मोबाइल उठाने को लेकर हुए विवाद तथा बाबरपुर के विद्यानगर निवासी धर्मेंद्र कुमार चक (40) और आशीष (30) को शराब पीकर विवाद करने के मामले में गिरफ्तार किया गया। कोतवाल विजय बहादुर वर्मा ने बताया कि सभी आठ आरोपियों के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

अटसू में श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन



प्रातःकाल एक्सप्रेस

औरैया। नगर पंचायत अटसू लोहिया नगर में गंगा तिवारी के आवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं को पंगत में बैठाकर प्रसाद वितरित किया गया। आयोजकों एवं स्वयंसेवकों ने श्रद्धाभाव से सेवा करते हुए भोजन परोसा। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों समेत बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों ने कहा कि भागवत कथा के माध्यम से लोगों को धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश मिला।

श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बैठक संपन्न



प्रातः काल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी। 30प्र0 श्रमजीवी पत्रकार यूनियन व लखीमपुर प्रेस क्लब की एक आवश्यक बैठक मंगलवार को यूनियन के महामंत्री शबाब खान के आवास पर आहूत की गई। इस बैठक की अध्यक्षता यूनियन व प्रेस क्लब के अध्यक्ष कुलदीप पाहवा ने की। बैठक में पत्रकार हितों से सम्बंधित विभिनन मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में यूनियन को मजबूती प्रदान करने के लिए नए सदस्यों को जोड़ने व वर्तमान सदस्यों के नवीनीकरण पर जोर दिया गया। इस दौरान सदस्यों के नवीनीकरण की अंतिम तिथि आगामी 10 दिसम्बर 2026 सर्वसम्मति से निश्चित की गई।

बैठक में यूनियन के सदस्य दैनिक ब्लैक टाइगर समाचार पत्र के संपादक अलीम खान के छोटे भाई अजीम खान व शंकर लाल अग्रवाल के चाचा के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक के दौरान अध्यक्ष कुलदीप पाहवा व महामंत्री शबाब खान समेत कार्यालय प्रभारी रितेश भसीन, सदस्य कौशलेंद्र कुमार गुप्ता, शंकर लाल अग्रवाल, अनूप रंजन मुखर्जी, विवेक गुप्ता, बी के सिंह तथा शुभम त्रिपाठी मौजूद रहे।

किसानों के हक की आवाज बने डॉ. संदीप सरावगी, सैकड़ों किसानों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, सर्किल रेट बढ़ाने की मांग

किसानों के सम्मान और अधिकारों के लिए आगे आए डॉ. संदीप सरावगी, सैकड़ों किसानों के साथ डीएम कार्यालय में बुलंद की आवाज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी। केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित किसानों के अधिकारों और उनकी जायज मांगों को लेकर संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ. संदीप सरावगी किसानों के साथ मजबूती से खड़े नजर आए। उनके नेतृत्व में ग्राम मगरवारा, तहसील मऊरानीपुर के सैकड़ों किसान अपनी समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई।



किसानों की प्रमुख मांग ग्राम मगरवारा के कृषि भूमि के सर्किल रेट में उचित वृद्धि किए जाने को लेकर रही। किसानों का कहना है कि नवीन सर्किल रेट सूची में आसपास के सभी गांवों की दरों में बढ़ोतरी की गई है, लेकिन ग्राम मगरवारा के सर्किल रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया। जबकि यहां की कृषि भूमि का बाजार मूल्य आसपास के गांवों के बराबर अथवा उससे अधिक है।

डॉ. संदीप सरावगी ने किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए प्रशासन से मांग की कि ग्राम मगरवारा के सर्किल रेट का पुनरीक्षण कराया जाए और आसपास के गांवों की दरों के आधार पर निष्पक्ष मूल्यांकन किया जाए, ताकि केन-बेतवा लिंक परियोजना में प्रभावित किसानों को उनकी भूमि का उचित एवं न्यायसंगत प्रतिकर मिल सके।

ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने हाल के पंजीकृत बैनामों के आधार पर भूमि का वास्तविक बाजार मूल्य निर्धारित करने, संबंधित अधिकारियों द्वारा समस्याओं की सुनवाई करने और किसानों की मांगों पर समयबद्ध निणय्य लेने की मांग की। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो वे लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्ण अनशन करने के लिए बाध्य होंगे।

इस दौरान डॉ. संदीप सरावगी ने किसानों के हितों की रक्षा और उनकी आवाज प्रशासन तक पहुंचाने के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। बड़ी संख्या में किसानों की मौजूदगी ने इस मांग को लेकर ग्रामीणों की एकजुटता भी प्रदर्शित की।

इस अवसर पर महेंद्र गुप्ता, हरिशंकर गुप्ता, राजेश सिंह, अमर सिंह, राज सिंह, प्रमोद सिंह, राजेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, प्रमोद गुप्ता, भगवानदास, जयप्रकाश, पुष्पेंद्र, श्याम, मदन, कामता, जगदीश, वृंदावन, रतीराम, राजेंद्र, प्रेम नारायण, रामस्वरूप, भूपेंद्र, छक्की, विजय एवं मैथिली सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी और प्रभावित किसान उपस्थित रहे।

जयपुरिया स्कूल ने लिटिल फ्लावर को हराकर जेपीएल-2026 की ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

रोमांचक फाइनल में 7 रनों से दर्ज की जीत, खिलाड़ियों ने दिखाया शानदार खेल कौशल



प्रातःकाल एक्सप्रेस

गोरखपुर। सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल, गीडा कैंपस में आयोजित जयपुरिया प्रीमियर लीग (जेपीएल)-2026 इंटर-स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रोमांच और उत्साह के बीच खेला गया। खिताबी मुकाबले में मेजबान सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल, गीडा कैंपस की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लिटिल फ्लावर स्कूल, गीडा को सात रनों से पराजित कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। अंतिम ओवर तक चले इस रोमांचक मुकाबले में जयपुरिया स्कूल के खिलाड़ियों ने बेहतरीन टीमवर्क, अनुशासन और खेल कौशल का परिचय दिया।

फाइनल मुकाबले का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंध निदेशक शोएब अहमद की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। उन्होंने टॉस कराकर मुकाबले की शुरुआत की। टॉस जीतकर जयपुरिया स्कूल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का निणय्य लिया। इसके बाद शोएब अहमद ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। खिलाड़ियों के मनोबल और उत्साह को बढ़ाने के लिए गुब्बारे भी उड़ाए गए।

निर्धारित 10 ओवर के मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल की टीम ने संयमित और जिम्मेदारी भरा खेल दिखाते हुए 55 रन बनाए। जवाब में 56 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लिटिल फ्लावर स्कूल, गीडा की टीम ने जीत के लिए पूरा जोर लगाया, लेकिन जयपुरिया स्कूल के गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विपक्षी टीम को निर्धारित 10 ओवर में 48 रनों पर रोक दिया। इस तरह जयपुरिया स्कूल ने सात रनों से जीत दर्ज कर जेपीएल-2026 का खिताब जीत लिया।





इस अवसर पर प्रबंध निदेशक शोएब अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल जीत और हार का माध्यम नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण, अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को विकसित करने का सशक्त जरिया है। मैदान पर सीखी गई एकजुटता, संघर्ष और एक-दूसरे का सम्मान करने की भावना विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि हार और जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन सच्चा खिलाड़ी वही है जो पूरी निष्ठा, मेहनत और खेल भावना के साथ मैदान में उतरता है। उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि सभी प्रतिभागियों ने अपने खेल से विद्यालयों का गौरव बढ़ाया है।

फाइनल मुकाबले के दौरान खिलाड़ियों के साथ दर्शकों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। दोनों टीमों ने पूरे मुकाबले में खेल भावना और अनुशासन का परिचय दिया। इस आयोजन ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ-साथ प्रतिस्पर्धा, सहयोग और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर प्रदान किया।

जेपीएल-2026 की विजेता ट्रॉफी सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल, गीडा कैंपस के नाम होने पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल रहा। इस उपलब्धि को खिलाड़ियों की मेहनत, सामूहिक प्रयास और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम बताया गया।

पीले चावल देकर व्यापारियों को श्रीराम कथा एवं विशाल कलश यात्रा का दिया निमंत्रण

अनूप शिवहरे ने सहयोगियों के साथ बाजारों में किया जनसंपक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। 26 नवंबर से मुक्ताकाशी मंच पर प्रारंभ होने जा रही भव्य श्रीराम कथा को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। कथा के शुभारंभ से पूर्व आयोजित होने वाली विशाल कलश यात्रा में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं एवं व्यापारियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए श्रीराम कथा के संचालक अनूप शिवहरे ने अपने सहयोगियों के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया।

इसी क्रम में बुधवार को अनूप शिवहरे देहाती ने शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी ओमप्रकाश विश्वारी, मोनू खुराना एवं दिलीप शिवहरे के साथ बड़ा बाजार, मानिक चौक, मालिनी का तिराहा एवं सुभाषगंज सहित विभिनन बाजारों में पहुंचकर व्यापारियों को पीले चावल एवं निमंत्रण पत्र भेंट किए। उन्होंने सभी व्यापारियों से श्रीराम कथा में शामिल होने तथा कथा से पूर्व बड़ा बाजार से निकलने वाली विशाल कलश यात्रा में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने का आग्रह किया।

इस दौरान आयोजकों ने बताया कि श्रीराम कथा में कथा व्यास श्री श्री 1008 शंकराचार्य कैलाशानंद गिरि जी महाराज के मुखारविंद से श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का रसपान करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। आयोजकों ने व्यापारियों एवं धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की।

दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा 27 नवंबर को झांसी में करेगी प्रवेश, तैयारियां पूरी

पूर्व गृह मंत्री डॉ. गोविंद सिंह के नेतृत्व में नेताओं ने किया यात्रा मार्ग का जायजा, एक दिसंबर की रात पूंछ में होगा विश्राम

प्रातःकाल एक्सप्रेस



झांसी। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में निकाली जा रही सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा 27 नवंबर को उत्तर प्रदेश के झांसी जनपद में प्रवेश करेगी। यात्रा के झांसी आगमन एवं आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए मध्य प्रदेश शासन के पूर्व गृह मंत्री एवं यात्रा प्रभारी डॉ. गोविंद सिंह के साथ मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं ने बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की।इस दौरान पूर्व सांसद चंद्रपाल सिंह यादव, राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, दतिया विधायक घनश्याम सिंह, पूर्व मंत्री बिजेंद्र सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बलवंत सिंह, बुंदेलखंड क्षेत्र कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता राजेंद्र शर्मा एडवोकेट, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता चंद्रप्रकाश मिश्रा, झांसी कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह पारीछा, लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव पुष्पेंद्र सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख बड़ागांव कैलाश यादव, जिला पंचायत सदस्य नरेश यादव बब्बा, विनय उपाध्याय और मोहित सिंह सहित मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के अनेक नेता उपस्थित रहे।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यात्रा 27 नवंबर को झांसी जनपद के गोरा मछिया से प्रवेश करेगी। इसके बाद बड़ागांव, पारीछा, चिरगांव और मोठ होते हुए एक दिसंबर की रात्रि पूंछ पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम होगा। दो दिसंबर की सुबह यात्रा पूंछ से जालौन जनपद में प्रवेश करेगी।बैठक में यात्रा के स्वागत, मार्ग व्यवस्था और विभिनन पड़ावों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। नेताओं ने यात्रा को सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारियां निभाने पर जोर दिया।

पीडीए की 2027 विधानसभा चुनाव की पहली सूची में ज्योति लोधी के नाम पर लगी मुहर, रेखा यादव ने दी शुभकामनाएं

बुंदेलखंड के ललितपुर से ज्योति लोधी को मिली जगह, समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव ने दी बधाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की ओर से वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर जारी पहली सूची में बुंदेलखंड के ललितपुर से ज्योति लोधी के नाम पर मुहर लगाए जाने की जानकारी सामने आई है। इस घोषणा के बाद समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव श्रीमती रेखा यादव ने ज्योति लोधी को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।रेखा यादव ने ज्योति लोधी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि महिलाओं की राजनीति में भागीदारी और सामाजिक प्रतिनिधित्व लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।ज्योति लोधी का नाम पहली सूची में शामिल होने से ललितपुर सहित बुंदेलखंड के राजनीतिक गलियारों में चर्चा शुरू हो गई है।



झाँसी मंडल की प्लेटिनम जयंती पर सजा स्टेशन महोत्सव, 137 साल पुरानी विरासत का हुआ गुणगान

विंटेज प्रदर्शनी, विरासत स्मारिका का विमोचन और बुंदेली राई नृत्य ने मोहा मन, रेल विकास में योगदान देने वाली विभूतियां सम्मानित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी। उत्तर मध्य रेलवे के झाँसी मंडल की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर मनाई जा रही प्लेटिनम जयंती और वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी रेलवे स्टेशन के 137 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बुधवार को स्टेशन परिसर में भव्य स्टेशन महोत्सव का आयोजन किया गया। समारोह में भारतीय रेल की गौरवशाली विरासत, ऐतिहासिक उपलब्धियों, विकास यात्रा और बुंदेलखंड की समृद्ध लोकसंस्कृति की अनूठी झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन तक निकाले गए फ्लैग मार्च के साथ हुआ। मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार के नेतृत्व में निकली यात्रा में रेलवे के शाखा अधिकारियों, स्कूली बच्चों और स्काउट-गाइड के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्टेशन पहुंचने पर मंडल रेल प्रबंधक ने रिबन काटकर महोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों एवं अतिथियों के साथ फोटो प्रदर्शनी और विंटेज प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में झाँसी मंडल के 75 वर्षों के सफर, स्टेशन की 137 वर्षों की ऐतिहासिक विरासत और भारतीय रेल के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण पड़ावों को प्रदर्शित किया गया।



समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और गणेश वंदना के साथ हुआ। इस दौरान झाँसी मंडल की ऐतिहासिक यात्रा, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण झाँसी मंडल की गौरवशाली यात्रा और उपलब्धियों पर आधारित विशेष 'विरासत स्मारिका' का विमोचन रहा। इसमें मंडल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, रेल विरासत और विकास यात्रा को संकलित किया गया है।

मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि झाँसी मंडल की प्लेटिनम जयंती और वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन के 137 वर्ष पूरे होना सभी के लिए गौरव का विषय है। ये उपलब्धियां भारतीय रेल की समृद्ध विरासत, समर्पण और निरंतर प्रगति का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि मंडल ने 75 वर्षों में संरक्षा, यात्री सुविधाओं, परिचालन दक्षता और आधारभूत संरचना के विकास में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। इसमें पूर्व एवं वर्तमान रेलकर्मियों का योगदान सराहनीय रहा है। उन्होंने भविष्य में आधुनिक तकनीक, बेहतर यात्री सुविधाओं और सुरक्षित रेल परिचालन के साथ नई उपलब्धियां हासिल करने का संकल्प भी व्यक्त किया।

इस अवसर पर झाँसी एवं भारतीय रेल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। इनमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजन ए.के. हिंगवासिया, आदित्य नारायण दुबे, वरिष्ठ रेलवे पेंशनर एवं पेंशन एसोसिएशन ऑफ रेलवे के मंडल अध्यक्ष ओ.एस. भटनागर, पूर्व सीआरएस आर.के. दिवगइन्या तथा पूर्व सीसीएल रामपाल शामिल रहे।

महोत्सव में बुंदेलखंड की लोकसंस्कृति भी आकर्षण का केंद्र रही। लोक कलाकार निशांत भदौरिया एवं अन्य कलाकारों ने पारंपरिक बुंदेली राई नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं माउंट लिटरा स्कूल के विद्यार्थियों के बैंड ने संगीतमय प्रस्तुतियों से समारोह में उत्साह और उल्लास का माहौल बना दिया।

कार्यक्रम में मुख्य कारखाना प्रबंधक वैगन मरम्मत कारखाना अजय श्रीवास्तव, मुख्य कारखाना प्रबंधक आरसीएनके एवं सीएमएलआर बी.के. पाण्डेय, अपर मंडल रेल प्रबंधक इंफ्रा प्रेम प्रकाश शर्मा, अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन नंदीश शुक्ल, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी गिरीश कंचन, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक फ्रेट नीरज भटनागर, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक सत्य साधन सिंह, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर गौरव, जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार सिंह, सहायक कार्मिक अधिकारी आदेश कुमार मिश्रा एवं अशोक कुमार मीना सहित रेलवे के अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली विद्यार्थी और कलाकार मौजूद रहे।

महोत्सव के सफल आयोजन में मुख्य प्रचार निरीक्षक प्रदीप सुड़ेले, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक राघवेंद्र कुशवाहा, वरिष्ठ प्रचार निरीक्षक प्रमोद मिश्रा और शाश्वत सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सड़क सुरक्षा के संदेश के साथ स्कूली बच्चों की रैली आज, एसएसपी करेंगे शुभारंभ

किला द्वार से शुरू होकर इलाइट चौराहा होते हुए रानी लक्ष्मीबाई पार्क में होगा समापन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन और स्कूली बच्चों को जागरूक करने के उद्देश्य से सनशाइन क्लब झांसी द्वारा गुरुवार 26 नवंबर को विशाल जागरूकता रैली निकाली जाएगी। रैली का शुभारंभ सुबह 10:15 बजे किला द्वार से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विकास कुमार करेंगे।इस संबंध में सनशाइन क्लब झांसी की कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष अनूप बिंदल की अध्यक्षता एवं संस्थापक डॉ. अशोक अग्रवाल काका के सानिध्य में संपनन हुई। बैठक में आगामी सप्ताह के कार्यक्रमों को ध्वनिमत से पारित किया गया। इस दौरान निवर्तमान अध्यक्ष विनोद अग्रवाल यूको, पूर्व अध्यक्ष संजय लिखधारी, उपाध्यक्ष वीरेन्द्र डालमिया, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार अग्रवाल एवं अनिल कुमार नायक ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. कृष्ण मोहन अग्रवाल ने बताया कि संभागीय परिवहन विभाग एवं पुलिस प्रशासन द्वारा आयोजित यातायात माह के अंतर्गत स्कूली बच्चों के साथ यह रैली निकाली जाएगी। रैली किला द्वार से प्रारंभ होकर इलाइट चौराहे का चक्कर लगाते हुए रानी लक्ष्मीबाई पार्क पहुंचेगी, जहां वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा के समक्ष इसका समापन होगा। रैली के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया जाएगा।

हंसारी में धूमधाम से निकली श्रीमद्भागवत कथा की शोभायात्रा

जगह जगह हुआ स्वागत ड्रोन से हुयी पुष्प वर्षा, उमड़ा सैलाव

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। परम पूज्य गुरुदेव भगवान महामंडलेश्वर ओमप्रकाश दास जी महाराज के दिव्य आशीर्वाद , पूर्वजों के पुण्य स्मरण तथा शुभाशीष से सिद्धेश्वर? बालाजी धाम ट्रस्ट एवं राय परिवार हंसारी के तत्वावधान में पंचम श्रीमद भागवत कथा एवं 108 असहाय एवं सर्व जातीय निशुल्क कन्या विवाह महोत्सव की बुधवार को हसारी में धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में घोडा बग्गी डीजे के साथ 5100 पीतवस्त्रधारी महिलायें सिर पर कलश धारण कर निकली।कलश यात्रा का स्थान स्थान पर स्वागत किया तथा ड्रोन से पुष्प वर्षा की गयी।इस आयोजन के तहत 3 दिसम्बर 2026 को सामूहिक कन्या महोत्सव का पुनीत आयोजन होगा, जिसमें सभी सर्व जातीय असहाय एवं निर्धन परिवार की 108 कन्याओं के निशुल्क सामूहिक विवाह का भव्य एवं दिव्य आयोजन होगा। कलश यात्रा में कार्यक्रम आयोजक एवं मुख्य यजमान? श्रीमती पूजा नितेंद्र रघुवीर राय सिर पर श्रीमद भागवत ग्रंथ धारण कर? चल? रहे। उनके पीछे कलश धारण किये महिलाओं का हुजूम साथ चल? रहा था। शोभायात्रा में घोडा बग्गी पर सवार भागवताचार्य श्री दिवाकर जी महाराज, दूसरी बग्गी पर छारद्वारी के पीठाधीश्वर महंत त्रिलोकी रामदास महाराज एवं उनके कृपापात्र भरत दास महाराज सवार होकर चल? रहे थे। डीजे पर बज रही धार्मिक गीतों की धुनों पर नृत्य करते झूमते युवा तो ढोल नगाड़े की थाप पर सुर ताल में नृत्य करते घोड़े तथा धर्म ध्वजा लिये श्रद्धालु झूमते हुए चल रहे थे। राजगढ़ स्थित अंजनी माता मंदिर से प्रारंभ हुई कलश यात्रा राजगढ़ से हसारी टपरियन, सारंध्रा नगर होते हुए मैन?रोड हसारी में भ्रमण करते हुए कथा स्थल पर विसर्जित हुई। तदुपरांत व्यासपीठ पूजन, श्रीगणेश पूजन एवं? पोथी पूजन उपरांत आयोजक नितेंद्र रघुवीर राय फौजी ने सपरिवार ने कथा व्यास का तिलक एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा श्रीमद भागवत पुराण की आरती उतारी।कथा के पहले दिवस कथा व्यास दिवाकर? जी महाराज ने श्रीमद भागवत के महात्म्य की कथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवत कृपा से ही सत्संग, संत दर्शन एवं? भगवान की कथा सुनने का मौका मिलता है।शोभायात्रा के दौरान निहालचंद शिवहरे, नगर निगम के पूर्व सभापति जुगल शिवहरे, पूर्व पार्षद राज बिहारी राय,हेमंत कुमार राय, विष्णु शिवहरे एड., अतुल? गुप्ता, जयराम राय, सुरेश राय ,अजय राय,नरेंद्र कुमार राय,अमित राय, नरेश महाजन,संतोष राय प्रधान, कृष्ण बिहारी ओमहरे के.के.राय भांजे, निखिल राय,देवेन्द्र राय, अरविंद राय, भरत राय , के के राय, धर्मेंद्र राय,जितेंद्र राय फौजी,बद्री प्रसाद राय, सोनू राय,आनंद राय, राममिलन राय, रवि राय,बबलू राय,टिन्नी यादव, किशन यादव,जवाहर सिंह भूरे,शैतान सिंह ,सूरज यादव फौजी , शिवम राय, रतनेश राय, अतुल?राय, रवींद्र राय, अरविंद यादव , रामजीलाल अहिरवार पूर्व प्रधान, रेशम परिहार, बीरू परिहार, मौनी राय, सुरेंद्र चौधरी, बबलू रजक, अवध, संतोष प्रधान,नरेश, सोनू रजक, हरिशंकर यादव, व्यापारी नेता सुरेश साहू, रविकांत राय, बृजमोहन राय आदि मौजूद रहे। अंत में कार्यक्रम आयोजक नितेंद्र रघुवीर राय ने सभी का आभार व्यक्त किया।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

अनफिट स्कूली वाहनों पर सख्ती के निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर। जिलाधिकारी सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की नवंबर माह की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने, यातायात नियमों का पालन कराने तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिनन् महत्वपूर्ण मुद्दों की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को प्रवर्तन की कार्रवाई प्रभावी ढंग से करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्कूलों में अनफिट वाहनों का प्रयोग किसी भी स्थिति में नहीं होना चाहिए। इस संबंध में सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को नोटिस जारी करने के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी ने जनपद के ब्लैक स्पॉट पर कराए गए सुधारात्मक कार्यों की समीक्षा



करते हुए संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए नए ब्लैक स्पॉट को भी चिह्नित कर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग एवं एनएचएआई के अधिकारियों को दिए। साथ ही एनएचएआई के अंतर्गत आने वाले मार्गों पर पेड़ों की कटाई-छंटाई कराने के निर्देश भी दिए गए।

गनने की ढुलाई को लेकर जिलाधिकारी ने गनन विभाग के अधिकारियों को सभी गनन मिल स्वामियों के साथ बैठक करने तथा गनने का परिवहन केवल ट्रकों के माध्यम से कराए जाने के निर्देश दिए। सर्दी के मौसम को देखते हुए लोक निर्माण विभाग एवं एनएचएआई के अधिकारियों को सभी श्रेणी के मार्गों को गड्ढामुक्त कराने के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को शहर में संचालित सभी ई-रिक्शाओं की नियमित फिटनेस जांच और चालकों के लाइसेंस चेक करने के निर्देश दिए गए। अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शाओं के खिलाफ कार्रवाई करने तथा अनफिट स्कूली बसों को सड़क पर संचालित न होने देने के लिए विशेष जांच करने को कहा गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमित कुमार, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग सुनील कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

मंडलायुक्त ने की टैबलेट वितरण कार्यक्रम की समीक्षा, 1 दिसंबर को 50 हजार छात्र-छात्राओं को मिलेंगे टैबलेट

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत 1 दिसंबर को रिमाउंट डिपो ग्राउंड में प्रस्तावित टैबलेट वितरण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम को सुव्यवस्थित, भव्य एवं सफलतापूर्वक सम्पनन् कराने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध ढंग से जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। कार्यक्रम में मंडल के तीनों जनपदों से लगभग 50 हजार छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे, जिनमें सहारनपुर से 40 हजार तथा शामली एवं मुजफ्फरनगर से 5-5 हजार छात्र-छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। तीनों जिलाधिकारियों को नोडल व सह नोडल अधिकारी नामित कर जिम्मेदारियां तय करने के



निर्देश दिए गए। छात्र-छात्राओं के आवागमन, सुरक्षा, बैठने, पेयजल, जलपान, प्रवेश-निकास, सीटिंग प्लान, मंच व साउंड सिस्टम की व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने को कहा गया। मंडलायुक्त ने पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा, पार्किंग व यातायात प्रबंधन की प्रभावी कायन्योजना बनाने के निर्देश दिए। बसों की व्यवस्था परिवहन निगम के माध्यम से करने तथा प्रत्येक बस में एक सरकारी अधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया। सभी छात्र-छात्राओं को 1 दिसंबर को प्रातः 10 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर पहुंचाना व समाप्ति के बाद सुरक्षित वापस पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

थाना गागलहेड़ी साइबर हेल्पडेस्क टीम ने ठगी के 50,000 रुपये पीड़ित को वापस कराए

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। थाना गागलहेड़ी साइबर हेल्पडेस्क टीम ने ऑनलाइन साइबर फ्रॉड के माध्यम से ठगी गई 50,000 रुपये की धनराशि पीड़ित के खाते में वापस कराई।वादी सचिन कुमार निवासी ग्राम तिवाया थाना गागलहेड़ी ने शिकायत दी थी कि अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल हैक कर उसके खाते से धनराशि काट ली थी। शिकायत एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हुई थी। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र एक माह में शत-प्रतिशत धनराशि वापस कराई। धनराशि वापस पाकर पीड़ित ने थाना गागलहेड़ी साइबर हेल्पडेस्क टीम व सहारनपुर पुलिस का आभार व्यक्त किया।

गंगनौली चीनी मिल के गन्ना विभाग ने ट्रैक्टर ट्रॉलियो पर लगाए रिफ्लेक्टर

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सहारनपुर। नागल उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में कोहरे और रात में सड़क हादसे रोकने के लिए गनन ढोने वाले वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे है, इसी क्रम में शुगर मिल शुगर मिल गंगनौली के गाना प्रबंधक ओमवीर सिंह के नेतृत्व में मिल परिसर और आसपास ट्रैक्टर, ट्रॉली व बुग्गियों पर रिफ्लेक्टर लगाने की मुहिम चलाई। शुगर मिल के गाना प्रबंधक ओमवीर सिंह ने बताया कि रिफ्ट कलेक्टर लगाने का मकसद सर्दियों के कोहरे और रात के अंधेरे में गनने से लदे वाहन दूर से साफ दिखें, जिससे टक्कर और सड़क हादसों को रोका जा सके उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली, बुग्गी और गनन ढुलाई में लगे अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए जा रहे हैं। सड़क सुरक्षा के लिए वाहनों पर सही रंग के रिफ्लेक्टर लगाने (आगे सफेद, पीछे लाल और साइड में पीला) और यातायात नियमों का पालन करने की सलाह भी दी रही है। इस इस दौरान गनन विभाग के विवेक देशवाल,विपिन कुमार, हंसकुमार कुमार, जीतेन्द्र कुमार, रामवीर आदि अभियान में शामिल रहे।

पत्रकारिता में आ रहा सकारात्मक बदलाव, खोजी पत्रकारिता की ओर बढ़ रहे पत्रकार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। जिले में पत्रकारिता को लेकर सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। पत्रकार अब केवल बयानों पर निर्भर नहीं रह रहे, बल्कि दस्तावेजों के आधार पर खबरों की पड़ताल कर रहे हैं। बोर्ड प्रस्ताव, शासनादेश, टेंडर और जांच रिपोर्ट जैसे कागजात मांगकर खबरों की पुष्टि की जा रही है। बताया जा रहा है कि पत्रकार अब जनता की आवाज को प्रमुखता दे रहे हैं। सफाई कर्मचारी, मंदिर के भक्त और आम दुकानदार सहित आम लोगों की समस्याएं खबरों में जगह पा रही हैं। अधिकारियों और बड़ी कंपनियों से भी सवाल पूछे जा रहे हैं, जिससे जवाबदेही बढ़ रही है। पत्रकार अब खबर को केवल लिख नहीं रहे, बल्कि उसकी विवेचना भी कर रहे हैं कि घटना क्यों हुई, किसका फायदा-नुकसान हुआ और समाधान क्या है।पत्रकारों का कहना है कि वे पॉजिटिव लिखेंगे, लेकिन चापलूसी नहीं करेंगे। अच्छा काम होगा तो तारीफ होगी, गलत होगा तो सवाल भी पूछा जाएगा। पत्रकार साथियों से अपील की गई है कि वे खोजी पत्रकारिता अपनाकर मिटती साख को फिर से मजबूत करें।

थाना बिहारीगढ़ पुलिस द्वारा चैकिंग व दबिश के दौरान 2 वारन्टी अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम मे पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण मे तथा थानाध्यक्ष बिहारीगढ़ धर्मेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना बिहारीगढ़ पुलिस टीम द्वारा चेकिंग व दबिश के दौरान 02 वारण्टी अभियुक्तगण 1. नवाब पुत्र फुरकान निवासी ग्राम कुरडीखेडा थाना बिहारीगढ जनपद सहारनपुर को सम्बन्धित मु0अ0सं0 39/2020 धारा 60 आब0 अधि0 नियत तिथि 02.02.2027 में ग्राम कुरड़ीखेड़ा से व 2. छोटन पुत्र ज्योतिराम सैनी निवासी ग्राम रहीमपुर थाना बिहारीगढ जनपद सहारनपुर को सम्बन्धित मु0अ0स0 46/1999 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट नियत तिथि 14.01.2027 में ग्राम रहीमपुर से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्तों के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हेतु समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गन्ना तौल न होने से किसान परेशान, घंटों लाइन में लगने के बाद भी नहीं हुई तौल

प्रातःकाल एक्सप्रेस



चिलकाना। गांव धौलाहेड़ी स्थित गनन क्रय केंद्र पर अव्यवस्थाओं के चलते किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का आरोप है कि पिछले एक सप्ताह से केंद्र पर नियमित रूप से गनने की तौल नहीं हो रही है। बुधवार को सुबह आठ बजे से ही गनने से लदे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें लग गईं। मंसूरपुर, धौलाहेड़ी और दूधगढ़ के किसानों को घंटों इंतजार के बावजूद तौल नहीं होने से मायूस लौटना पड़ रहा है। किसानों को भूखे-प्यासे रहने के साथ ही वाहनों में मौजूद पशुओं के चारे और पानी की व्यवस्था करने में भी दिक्कतें उठानी पड़ रही है।किसानों ने केंद्र पर तैनात कर्मचारी अंकुर पर रसूखदार लोगों के गनने की प्राथमिकता से तौल करने का आरोप लगाते हुए व्यवस्था में पक्षपात की शिकायत की है।उधर, गनन तौल अधिकारी का कहना है कि दो दिन पहले केंद्र पर तौल कराई गई थी, जबकि किसानों का दावा है कि पिछले एक सप्ताह से तौल पूरी तरह ठप है। आक्रोशित किसानों ने विभागीय अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, पक्षपात पर रोक लगाने और प्रतिदिन नियमित रूप से गनने की तौल सुनिश्चित कराने की मांग की है।

अचानक सामने आए जानवर से टकराकर बाइक सवार घायल, जिला अस्पताल में भर्ती

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के भिखारीपुर गांव के समीप अचानक सामने आए जानवर से टकराकर बाइक सवार युवक घायल हो गया। हादसे के बाद घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया।जानकारी के अनुसार, भिखारीपुर गांव निवासी कृष्ण कुमार का 34 वर्षीय पुत्र राजेश बाइक से किसी काम के लिए घर से निकला था। गांव से कुछ कदम आगे पहुंचते ही अचानक सामने आए जानवर से उसकी बाइक टकरा गई। टक्कर लगने से बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गया। हादसे की जानकारी परिजनों को हुई तो उन्होंने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस घायल को जिला अस्पताल लेकर पहुंची। यहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया।

जमीन विवाद में चार पर केस

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। जमीन विवाद में हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के तलिया ढिगवस गांव निवासी अब्दुल हक पुत्र सुल्तान खां ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चौबीस नवंबर को सुबह करीब दस बजे जमीन की रंजिश को लेकर पड़ोस के ऐनुलहक अपने पुत्र उवैद, पुत्री कुलसुम तथा मीना पतनी उवैद के साथ एकराय होकर उसके दरवाजे पर पहुंचा और गालीगलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट किया और जानलेवा धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा राम पार्टी ने घोषित किए तीन विधानसभा प्रत्याशी, रविंद्र कौशिक बने सहारनपुर मंडल अध्यक्ष

प्रातःकाल एक्सप्रेस



मुजफ्फरनगर। राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा राम पार्टी की ओर से जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र गौतम के आवास पर यूजीसी कानून के विरोध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक अलंकार अगिन्होत्री तथा प्रदेश अध्यक्ष विश्व दीप अवस्थी मुख्य रूप से शामिल हुए।बैठक में यूजीसी कानून के विरोध के साथ-साथ संगठन की मजबूती और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर तीन विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों की घोषणा की गई। चरथावल से प्रमोद शर्मा, थानाभवन से चांद सिंह पुंडीर निवासी नगला पिथौरा तथा खतौली से ब्रिगेडियर डॉ. यशपाल सिंह को प्रत्याशी घोषित किया गया। वहीं संगठनात्मक विस्तार के तहत रविंद्र कौशिक को सहारनपुर मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में राजेंद्र कौशिक, हरिमोहन शर्मा, ध्यान चन्द कुश, आकाश गौतम, रविंद्र शर्मा, पंकज शर्मा, मदन मोहन शर्मा और विकास शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

तांगे से टकराकर बाइक सवार दो युवक गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के कस्बे में चौराहे के समीप तांगे से टकराकर बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद दोनों को गाजीपुर सीएचसी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, असोथर थाना क्षेत्र के हनवां गांव निवासी कधइया लाल का 25 वर्षीय पुत्र अनूप कुमार और गांव के ही सोहन लाल का 18 वर्षीय पुत्र अनिरुद्ध एक ही बाइक पर सवार होकर किसी काम से घर से निकले थे। गाजीपुर कस्बे के चौराहे के पास उनकी बाइक तांगे से टकरा गई। टक्कर के बाद बाइक सड़क पर गिर गई, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी पर घायलों को गाजीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने उन्हें भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया।

टी एल वाशवानी के जन्मदिन पर रही मीट की सभी दुकाने बंद

प्रातः काल एक्सप्रेस

चिलकाना। टीएल वाशवानी के जन्मदिन के अवसर पर प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के तहत क्षेत्र में मीट की दुकानें पूरी तरह बंद रहीं। आदेशों का कड़ाई से पालन कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने विशेष सतर्कता बरती और दुकानदारों को निर्धारित निर्देशों का पालन करने के लिए कहा। प्रशासन की सख्ती के चलते क्षेत्र में कहीं भी मीट की दुकानें खुली नजर नहीं आईं। प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर दुकानदारों में भी सतर्कता बनी रही। थाना चिलकाना प्रभारी अक्षय शर्मा ने स्पष्ट किया कि निर्धारित आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। दिनभर बाजार क्षेत्र में मीट की दुकानें बंद रहने से प्रशासनिक आदेशों का असर दिखाई दिया। अधिकारियों की निगरानी के चलते व्यवस्था सुचारू बनी रही। प्रशासन ने संबंधित दुकानदारों से भविष्य में भी जारी निर्देशों का पालन करने की अपील की।

थाना नानौता पुलिस ने ढाबे से चोरी का किया खुलासा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। थाना नानौता पुलिस ने ढाबे से हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी किया गया 1 बैट्री व 1,000 रुपये नकद बरामद हुए। वादी शरद पंवार निवासी ग्राम लण्ढौरा ने तहरीर दी थी कि गंगोह रोड तीतरो मोड़ स्थित उसके ढाबे से एक बैट्री, एक सिलेण्डर, एक पीतल का हुक्का व 4,000 रुपये चोरी कर लिए गए थे। इस पर थाना नानौता पर मुकदमा दर्ज किया गया था।पुलिस ने अभियुक्त अनीश उर्फ बोना पुत्र शौकत निवासी मौहल्ला कानूनगोयान थाना नानौता को रुहाडा पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई है। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

थाना सदर बाजार पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर अवैध चाकू किया बरामद

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। थाना सदर बाजार पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 1 अवैध चाकू बरामद हुआ। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने अभियुक्त राहुल चकवाल उर्फ रौला पुत्र गुलाब सिंह निवासी अम्बेडकर चौक पिंजौरा थाना कोतवाली देहात को पुराने रेलवे क्वार्टर के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना सदर बाजार पर धारा 4/25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

ट्रैक्टर की टक्कर से साइकिल सवार किशोर गंभीर, जिला अस्पताल में भर्ती

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के दसौली गांव के समीप ट्रैक्टर की टक्कर से साइकिल सवार 15 वर्षीय किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार, दसौली गांव निवासी धनीराम का पुत्र शिवम साइकिल से किसी काम के लिए घर से निकला था। गांव के पास ट्रैक्टर से टक्कर हो जाने के कारण वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और निजी वाहन से घायल किशोर को जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया।

2027 में सभी 403 सीटों पर चुनाव लड़ेगी लोजपा (रामविलास): अरुण भारती

फतेहपुर पहुंचे प्रदेश प्रभारी सांसद का जोरदार स्वागत, बोले- गठबंधन का फैसला हाईकमान करेगा

फतेहपुर। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। यह बात पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं सांसद अरुण भारती ने फतेहपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि गठबंधन होगा या पार्टी अकेले चुनाव मैदान में उतरेगी, इसका फैसला राष्ट्रीय नेतृत्व करेगा। शहर स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन परिसर में पहुंचे सांसद अरुण भारती का जिलाध्यक्ष राजू पासवान के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी मिलने के बाद से दलित चौपाल सहित समाज को संगठित करने के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पार्टी जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं की सक्रियता परखने में जुटी है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि ये दल वोट चोरी का मुद्दा उठाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री कार्यकाल का जिक्र करते हुए दलितों के अधिकारों को लेकर भी सवाल उठाए और कहा कि दलित समाज अब उनके बहकावे में आने वाला नहीं है। अरुण भारती ने बताया कि 28 नवंबर को रायबरेली में बहुजन भीम संकल्प समागम आयोजित किया जाएगा। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश की राजनीति को नई दिशा देने का काम करेगा। इस मौके पर प्रदेश महासचिव विकास पांडेय, प्रदेश सचिव कमलाकांत तिवारी, कमलेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष राजू पासवान, सलीम खान, लक्ष्मीकांत शर्मा, सुनील शुक्ला, नासिर राजा, अब्बास मेहंदी और शाहिद अख्तर समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

-फसल नुकसान पहुंचाने को लेकर दो पर केस दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। फसल को नुकसान पहुंचाने को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के मांदीपुर गांव की मालती पतने सुरेन्द्र पाण्डेय ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि आरोपी संजय पाण्डेय पुत्र राजेन्द्र पाण्डेय व प्रकाशचंद्र पाण्डेय ने उसकी सरसों की फसल को नष्ट करने की नीयत से खेत में पानी भर दिया। आरोपीगण फोन पर धमकी भी देते रहते हैं। जांच के बाद पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।